# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष - 05 अंक - 58 बैकुंठपुर, बुधवार 27 नवम्बर 2024 पृष्ठ -8 मूल्य -1

RNI Reg No-CHHHIN/2020/87351

www.cgfrontline.com


## फ्रंटलाइन खबर

### विवाहिता द्वारा खुदकुशी के मामले में पति के विरूद्ध केस दर्ज

छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर। सदर रोड निवासी एक विवाहिता के द्वारा की गई खुदकुशी के मामले में कोतवाली पुलिस ने जांच के बाद पति के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है। मर्ग जांच के दौरान पुलिस ने पाया था कि मृतिका रीना केशरी 27 वर्ष को उसका पति दहेज की मांग को लेकर आए दिन मारपीट करते हुए प्रताड़ित करता था। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध प्रथम दृष्टया धारा 304(बी) भादंसं का अपराध कायम कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक मृतिका के पति विनीत केशरी पिता स्व. अजय प्रसाद केशरी 32 वर्ष निवासी सदर रोड अंबिकापुर ने पुलिस को बताया था कि 15 जून को देर रात 11.30 बजे उसकी पत्नी रानी केशरी 27 वर्ष खाना खाकर अपने बेडरूम में एक वर्ष की बच्ची के साथ सो रही थी और वह स्वयं घर के बरामदे में सोया था। रात करीब 02 बजे बच्ची के रोने की आवाज सुनकर कमरे में गया तो उसकी पत्नी बेडरूम के पंखे के सहारे चुनरी से फांसी लगाकर झूल रही थी और बच्ची वहीं बैठकर रो रही थी। इसकी सूचना वह अपने घर के अन्य सदस्यों तथा आसपास के लोगों को दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग इंटीमेशन कायम करके शव का पंचनामा, पोस्टमार्टम कराया था। मामले में मर्ग कायम करके पुलिस अग्रिम जांच में जुटी थी।

## कैबिनेट बैठक-राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित 54 प्रकरणों को सरकार ने वापस लिया

रायपुर (वीएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में 26 नवंबर को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



मंत्रिपरिषद ने विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित प्रकरणों को जनहित में न्यायालय से वापस लिये जाने के संबंध में गठित मंत्रिपरिषद की उप समिति द्वारा अनुशंसित 54 प्रकरणों को न्यायालय से वापस लिए जाने हेतु आगामी कार्यवाही किए जाने का अनुमोदन किया। मंत्रिपरिषद द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को वितरण हेतु नागरिक आपूर्ति निगम को आवश्यक चना उपार्जन, ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म के माध्यम से किए जाने की अनुमति दी गई।

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में राज्य में मक्का फसल तथा प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान अंतर्गत दलहन-तिलहन और रबी विपणन मौसम 2025-26 में चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन हेतु नेफेड एवं एनसीसीएफ को प्रोक्योरमेंट एजेंसी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों को नवीन उन्नत किस्म के बीजों की उपलब्धता उचित मूल्य पर सुनिश्चित करने के लिए मंत्रिपरिषद ने आज महत्वपूर्ण फैसला लिया। इसके तहत भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में इम्पैनल्ड सेंट्रल नोडल सीड एजेंसी से आवश्यकतानुसार सीधे बीज क्रय किया जा सकेगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम को छत्तीसगढ़ राज्य भंडार क्रय नियम 2002 के नियम 4 में छूट देने का निर्णय लिया गया।

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य जल विद्युत परियोजना (पम्प स्टोरेज आधारित) स्थापना नीति 2023 में परियोजना विकासकर्ता को वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने की तिथि से प्रथम पांच वर्षों के लिए प्रति वर्ष 01 लाख रूपए प्रति मेगावाट की दर से लिए जाने वाले हरित ऊर्जा विकास शुल्क को समाप्त करने का निर्णय लिया गया। हरित ऊर्जा शुल्क में प्रत्येक पांच साल के बाद 25 प्रतिशत की वृद्धि का भी प्रावधान था, इसे भी समाप्त कर दिया गया है। इससे राज्य में जल विद्युत परियोजनाओं एवं ग्रीन एनर्जी के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

मंत्रिपरिषद ने कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षाओं को केन्द्रीकृत किये जाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया है।

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (हुडको) से आवास, नगरीय विकास एवं अन्य क्षेत्रों में सहायता प्राप्त करने हेतु समझौता ज्ञापन (रूप) के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य को हुडको द्वारा आगामी 5 वर्षों में एक लाख करोड़ रूपए तक की वित्तीय सहायता, परामर्श, क्षमता विकास सेवाएं प्रदान करने का प्रस्ताव दिया गया है।

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अब तक तथा भविष्य में प्राप्त होने वाली भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तित करने पर राज्य शासन द्वारा लागू व्यपवर्तन शुल्क प्रीमियम, अर्थदण्ड एवं भू-राजस्व के पुन: निर्धारण से छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इससे हाउसिंग बोर्ड के मकान क्रेताओं को लाभ होगा। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा फ्री-होल्ड किए गए आवासीय भूखण्डों के लिए व्यपवर्तन शुल्क एवं अर्थदण्ड से छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

## रेल हादसा-मालगाड़ी के 22 डिब्बे पटरी से उतरे, दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस रद्द, कई ट्रेनों के रूट बदले

छ.ग. फ्रंटलाइन बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत बिलासपुर-कटनी रेलखंड पर मंगलवार को एक मालगाड़ी बेटपरी हो गई। हादसा खोंगसरा एवं भनवारटंक स्टेशनों के बीच मंगलवार सुबह करीब 11.11 बजे हुआ, जब एक लांग हाल मालगाड़ी के 22 डिब्बे पटरी से उतर गए। नीचे देखिए हादसे की तस्वीरें।



कुछ डिब्बे पटरियों पर पलट गए। अप लाइन की इस घटना के चलते इस मार्ग पर अप एवं डाउन दोनों लाइनों पर परिचालन बाधित हुआ है। रेस्टोरेशन का कार्य शुरू किया गया है। इस मार्ग में परिचालन बाधित होने की वह से कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से गंतव्य के लिए रवाना किया जा रहा है।

### इन ट्रेनों को किया रद

18258 चिरमिरी-बिलासपुर एक्सप्रेस

18257 बिलासपुर- चिरमिरी एक्सप्रेस

18242 अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस

18241 दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस

### गंतव्य से पहले रद ट्रेन

08739 शहडोल-बिलासपुर मेमू को पेंड्रारोड स्टेशन में समाप्त किया गया है।

08748 कटनी-बिलासपुर मेमू को शहडोल स्टेशन में समाप्त किया गया है।

### यात्रियों की सुविधा के लिए बनाया हेल्प डेस्क

यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे बिलासपुर, रायगढ़, अनुपपुर, शहडोल, उसलापुर, दुर्ग, रायपुर एवं गोंदिया स्टेशन में हेल्प डेस्क बनाया है। इसके बिलासपुर में कुछ हेल्प लाइन नंबर 9752441105 एवं 1072 भी जारी किया है।

### चार ट्रेन रद, दो के बीच में थमे पहिए और नौ का बदला मार्ग

रेलवे ने इन घटना के कारण चार ट्रेनों को रद कर दिया है। वहीं दो के पहिए बीच रास्ते में ही थम गए। इसके अलावा नौ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया है।

### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें

18477 पुरी-योग नगरी ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बिलासपुर-गोंदिया-जबलपुर-कटनी मुड़वारा होकर योग नगरी ऋषिकेश पहुंचेगी। 12549 दुर्ग-मेजर कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर एक्सप्रेस दुर्ग-गोंदिया-जबलपुर होकर मेजर कप्तान तुषार महाजन ऊधमपुर पहुंचेगी। 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस जबलपुर-गोंदिया होकर दुर्ग पहुंचेगी। 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस गोंदिया-जबलपुर होकर भोपाल जाएगी। 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस जबलपुर-गोंदिया होकर दुर्ग पहुंचेगी। 15160 दुर्ग- छपरा सारनाथ एक्सप्रेस गोंदिया-जबलपुर होकर भोपाल जाएगी। 20807 विशाखापत्तनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस भी गोंदिया-जबलपुर- कटनी मुड़वारा होकर अमृतसर जाएगी। योग नगरी ऋषिकेश से रवाना हुई 18478 योग नगरी ऋषिकेश- पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित झांसी-भोपाल-इटारसी-नागपुर-दुर्ग-बिलासपुर होकर पुरी जाएगी। मंगलवार को निज़ामुद्दीन से रवाना होने वाली 12824 निज़ामुद्दीन-दुर्ग संपर्क क्रांति एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झांसी-भोपाल-इटारसी-नागपुर-दुर्ग होकर बिलासपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी।

## तीन लोगों की जघन्य हत्या पर शासन से पांच सूत्रीय मांग, आंदोलन की चेतावनी

छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर। छत्तीसगढ़ सर्व नाई सेन समाज बलरामपुर जिले में तीन लोगों की जघन्य हत्या को लेकर आक्रोशित है। समाज के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पुलिस और प्रशासन की लापरवाही का आरोप लगाते हुए पांच सूत्रीय मांगों के प्रति ध्यान आकर्षित कराया गया है।



समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश कुमार ठाकुर ने कहा है कि 5 वर्षीय बालक, 17 वर्षीय लड़की और उसकी मां के गायब होने की सूचना स्वजनों ने एक अक्टूबर को मौखिक रूप से कुसमी थाने को दी थी। इसके बाद 5 अक्टूबर को लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। बावजूद इसके पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं की गई। स्वजनों ने मुख्यमंत्री कार्यालय में भी ज्ञापन सौंपा, लेकिन पुलिस की सुस्ती बनी रही। समाज के लोगों का कहना है कि यदि पुलिस ने समय पर कार्रवाई की होती तो बड़ी घटना को टाला जा सकता था। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश कुमार ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष पुनीत राम सेन, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष मोना सेन, नंदकुमार सेन केशशिल्पी बोर्ड अध्यक्ष, भुवन लाल कौशिक प्रदेश सचिव, विनोद सेन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, भूपेंद्र सेन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष श्रीवास प्रदेश उपाध्यक्ष, धनसिंह सेन, प्रदेश मीडिया प्रभारी, सुशील कौशिक, भीखम सेन दुर्ग जिला अध्यक्ष, सुमन कौशिक प्रदेश सचिव और अन्य समाज के लोग शामिल रहे।

### समाज की पांच सूत्रीय मांग

मृतकों के स्वजन को 2 करोड़ रुपये मुआवजा दिया जाए। परिवार के किसी एक सदस्य को शासकीय नौकरी प्रदान की जाए। 15 वर्षीय बच्ची मधु ठाकुर की पूरी शिक्षा का खर्च सरकार वहन करे। लापरवाह पुलिस पर कार्रवाई हो और संबंधित थाना प्रभारी के खिलाफ एफआइआर दर्ज की जाए। बलरामपुर पुलिस अधीक्षक को तत्काल जिले से हटाया जाए।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

समाज ने मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं करने पर पूरे प्रदेश में आंदोलन करने की चेतावनी दी है। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि इस हत्याकांड ने पूरे नाई सेन समाज को झकझोर कर रख दिया है। यदि सरकार उचित कदम नहीं उठाती है तो आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। शासन-प्रशासन ने समय पर उचित कदम नहीं उठाया तो सर्व नाई सेन समाज का आंदोलन पूरे प्रदेश में बड़े पैमाने पर फैल सकता है।

## इलाज के दौरान युवती की मौत, स्वजन ने इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप

छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर। जिला चिकित्सालय में मंगलवार की दोपहर जाबर निवासी बुधराम रवि की पुत्री दुर्गावती 21 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई। युवती को दो दिनों से सीने में दर्द था, इसकी शिकायत पर सोमवार को गांव के कथित झोला छाप डॉक्टर से उसका इलाज कराया गया। मंगलवार को तबियत बिगड़ते देख स्वजन तत्काल बलरामपुर जिला चिकित्सालय युवती को लेकर पहुंचे और इमरजेंसी वार्ड में उसे भर्ती कराया था। स्वजन का आरोप है कि युवती सीने में दर्द से कराह रही थी, लेकिन उसे ऑक्सीजन नहीं दिया गया। इमरजेंसी वार्ड में मौजूद स्टाफ स्लाइन चढ़ाने की खानापूर्ति करते रह गए। इसके बाद युवती की तबीयत और बिगड़ने लगी। कई बार आग्रह करने के बाद भी ऑक्सीजन नहीं दिया गया, जिससे उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। देखते ही देखते युवती का दम घुटने लगा और उसकी मौत हो गई। इसके बाद मौके इलाज में लापरवाही बरतने को लेकर स्वजन हंगामा करने लगे। मौके पर बलरामपुर कोतवाली थाना प्रभारी सहित कुछ अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे और उन्हें मोर्चा संभालना पड़ा।



### सीएमएचओ ने कहा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत सिंह का कहना है कि डॉक्टरों के द्वारा ऑक्सीजन लगाया गया था। मरीज के अटेंडर युवती को बाथरूम ले गए थे, इसके तुरंत बाद चक्कर आ गया। सोचनीय पहलू यह है कि युवती की स्थिति गंभीर थी, तो उसे यूरिन पॉट क्यों नहीं उपलब्ध कराया गया। वहीं स्वजन बार-बार कहने के बाद भी युवती को ऑक्सीजन नहीं लगाने का आरोप लगा रहे हैं, ऐसे विरोधाभास का पर्दाफाश जांच के बाद ही हो पाएगा।

## डिजीटल एरेस्ट के झांसा देकर शहर के व्यवसायी को चपत लगाने की मंशा हुई विफल

छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर। महानगरों के बाद डिजीटल एरेस्ट का मामला सरगुजांचल में भी आने लगा है। हाल में एक सेवानिवृत वन अधिकारी को उनके पुत्र की गिरफ्तारी का भय दिखाकर 50 हजार रुपये ऐंठने का मामला सामने आया था। पुन: अंबिकापुर के व्यवसायी शिवेश सिंह के पास डिजीटल एरेस्ट करने के मामले में फोन आया। फोन करने वाले ने उन्हें भयभीत करने और आधार कार्ड, पेन कार्ड भेजने के लिए उत्प्रेरित करने हरसंभव कोशिश की, लेकिन 11 मिनट तक चली बातचीत के बीच वे टालमटोल करते रह गए। वीडियो कॉलिंग करके कथित पुलिस अधिकारी ने उनके घर का कोना-कोना तक देखा, कि संबंधित व्यक्ति कहां है, कमरे में और कोई तो नहीं है। फोन करने वाले उन्हें भयभीत करते हुए कमरे से बिना अनुमति नहीं निकलने, अन्य किसी से बात नहीं करने जैसी हिदायत भी देते रहे। जागरूक नागरिक होने के कारण शिवेश उनकी हरकतों से वाकिफ होने के लिए उनकी हर बातों में हां में हां मिलाते रहे। आधार कार्ड और पेन कार्ड की जानकारी देने की बारी आई तो उन्होंने सीए के पास डाक्यूमेंट होने की बात कहकर टालमटोल किया। कथित पुलिस अधिकारी ने सीए को फोन लगाकर कागजात मंगवाने के लिए कहा, इस पर उन्होंने एक ही मोबाइल नंबर होने की बात कही, बाद में अवकाश का दिन होने के कारण डाक्यूमेंट नहीं मिलने की बात कहते हुए, फुर्सत के पलों में ठग का समय जाया करते रह गए। शिवेश का कहना है कि डिजिटल एरेस्ट के मामले में जिस नम्बर से कॉल आया था, वह भारत से बाहर, पाकिस्तान का था। इसका वीडियो उन्होंने सरगुजा रेंज के आईजी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों को सौंपा है, ताकि लोग ऐसे मामलों के प्रति जागरूक रहें। शिवेश ने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से भी लोगों को सजग किया है कि ऐसे कॉल को गंभीरता से न लें। अगर परिवार के किसी सदस्य को एरेस्ट करने की बात कहकर कोई भयभीत करता है तो पहले इसकी पुष्टि करने के लिए संबंधित स्वजन से संपर्क करें।

वर्तमान में सइबर अपराध नए स्वरूप में सामने आ रहा है। नए तरीके से ठगी की कोशिश की जा रही है। इसका उभरता प्रकार डिजीटल एरेस्ट के रूप में सामने आने लगा है। वाइस कॉल करके फर्जी पुलिस व क्राइम अधिकारी के द्वारा फर्जी गलती का एहसास कराया जाता है और एक कमरे में नजरबंद करने की कोशिश की जाती है। झांसे में आ जाने पर ठगी की घटना को अंजाम दे डालते हैं। ऐसे झ्रासमेंट से बचने के लिए अनजान नम्बरों को जल्दी अटेंड नहीं करें। किसी भी घटनाक्रम को बताकर कोई भयभीत करता है तो पहले वास्तविकता जानें। पुलिस को सूचना दें, ताकि विधिसम्मत कार्रवाई की जा सके।

**अमोलक सिंह ढिल्लो**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरगुजा**

## आंख फोड़ने की रिपोर्ट लिखाने पहुंचा सचिव, तो पुलिस मुर्गा पकड़ने में थी व्यस्त

### मामला सरपंच के पुत्र द्वारा फाइट से वार करके पंचायत सचिव के आंख को जख्मी करने का

छ.ग.फ्रंटलाइन उदयपुर। सरगुजा जिले के उदयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत, केदमा पुलिस चौकी के ग्राम सायर में रात के अंधेरे में शराब के नशे में सड़क पर खड़े सरपंच के पुत्र ने पंचायत सचिव के आंख में फाइट से वार कर दिया, जिससे आंख से खून बहने लगा। आंख से खून बहते देखकर सरपंच का पुत्र मौके से फरार हो गया। इलाज के बाद पंचायत सचिव की स्थिति ऐसी है, कि दाहिने आंख से उसे कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है। मामले की प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद भी पुलिस के द्वारा किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

जानकारी के मुताबिक केदमा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सायर में 21 नवम्बर, गुरुवार को शाम करीब 6 बजे ग्राम पंचायत कुमडेवा के सचिव शिवभजन सिंह पंचायत का कार्य निपटाकर एक व्यक्ति से मिलने के लिए रुके थे। बातचीत के बाद वे अपने साथी के साथ निकलने वाले थे, इसी दौरान ग्राम सायर के सरपंच सरजू राम का पुत्र रामगोपाल पैकरा 30 वर्ष आया और बिना किसी कारण के बाइक में बैठे सचिव के दाएं आंख में फाइट से वार कर दिया, जिस कारण सचिव के आंख से खून बहने लगा। आंख से निकलते खून और दर्द के कारण सचिव कुछ देर के लिए जमीन पर बैठ रह गया। घटना के बाद सरपंच पुत्र मौके से भाग गया। पंचायत सचिव किसी तरह घर पहुंचा। स्वजन उसे कार से उदयपुर के शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गए। यहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे अंबिकापुर रेफर कर दिया गया। एक्स-रे, सीटी स्कैन जांच के बाद सचिव घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए केदमा पुलिस चौकी पहुंचा। यहां का नजारा कुछ और ही था। केदमा पुलिस चौकी में एक कर्मचारी एक घंटे बाद आया, जो क्या काम है, पूछने के बाद साहब को बुला रहा हूं कहते हुए चले गया। एक घंटे बाद दूसरे साहब आए और क्या काम है पूछकर चले गए। उधर दो आरक्षक गुलेल लेकर मुर्गा पकड़ने में मस्त थे। फिर एक घंटे बाद तीसरा व्यक्ति आया और वह सचिव से कहा सरपंच का बेटा आया था बताया कि सचिव को मार दिया हूं। 11 बजे से पुलिस चौकी में पहुंचे सचिव को काफी मशक्कत के बाद अपराह्न 3 बजे डॉक्टरी मुलाहिजा के लिए 22 किलोमीटर दूर उदयपुर भेजा गया और शाम 5 बजे मामला दर्ज किया गया। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण ग्राम सायर में अवैध शराब की भट्टी चल रही है और शराब पीकर लोग उत्पात मचा रहे हैं। वनांचल के चौकी केदमा क्षेत्र में कोई कुछ भी करे पुलिस अपने में मस्त रहती है। सचिव के द्वारा मामला दर्ज कराए 5 दिन हो गए हैं, दोषी को गिरफ्तार करने में पुलिस नाकाम है।




**कब होगी आरोपी की गिरफ्तारी**-पंचायत सचिव शिवभजन सिंह ने बताया कि दर्द से कुछ राहत है, लेकिन चोट लगे आंख से कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है। आंख से अभी भी रक्तस्राव होता है। केदमा पुलिस चौकी में उन्होंने मामला जरूर दर्ज कराया है, पर दोषी के विरूद्ध किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है।

**चौकी प्रभारी ने कहा**-केदमा चौकी प्रभारी संतराम गहिर का कहना है कि पंचायत सचिव पर हमला करने वाले आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस स्टाफ दबिश दी, लेकिन वह नहीं मिला। आरोपी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## अनुशासित रहने का वचन देता है संविधान, क्विज प्रतियोगिता में शिक्षा संकाय विजेता

छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर। संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संविधान की प्रस्तावना का वाचन हुआ। प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान हमे भारतीय होने के साथ अनुशासित रहने का वचन देता है। यह हमारे जीवन का विधान है, जिससे देश की व्यवस्थाएं संचालित हैं। इस अवसर पर उन्होंने देश की एकता-अखंडता को लेकर संविधान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विधिक साक्षरता क्लब के तत्वावधान में संविधान आधारित क्विज प्रतियोगिता हुई, जिसमें महाविद्यालय के सभी संकायों के प्रतियोगियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जहां संविधान की धारा, अनुच्छेद, मौलिक अधिकार, कर्तव्य आदि से प्रश्न पूछे गए, तो संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों के नाम भी पूछे गए। अंतर संकाय की इस प्रतियोगिता में प्रतियोगियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शिक्षा संकाय, द्वितीय कम्प्यूटर विज्ञान और फिजीकल साइंस तथा तीसरे स्थान पर लाइफ साइंस विभाग रहा। प्रतियोगिता के दौरान विधिक साक्षरता प्रभारी डॉ. दिनेश शाक्य, नीतू सिंह, पल्लवी द्विवेदी, सुमन मिंज आदि ने सहयोग किया।



# संयुक्त टीम द्वारा लगातार अवैध धान के परिवहन एवं भण्डारण पर की जा रही है कार्यवाही

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से चालू है।

किसानों को समितियों में धान बेचने के लिए किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े इसके लिए प्रशासन के द्वारा जिले के सभी 49 धान खरीदी केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था की गई है। अब किसान भी अपना धान बेचने के लिए मंडी में पहुंचने लगे हैं। खरीदी शुरू होने पर धान की बिचौलिए सक्रिय हो जाते है और अपना अवैध धान किसी भी तरह से खरीदी केन्द्रों में खपाने की कोशिश करते है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन के द्वारा धान के अवैध परिवहन एवं भण्डारण रोकने के लिए भी पूर्ण व्यवस्था की गई है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में राजस्व एवं खाद्य व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा सतर्कता के साथ अवैध धान के भण्डारण एवं परिवहन पर पैनी नजर रखी जा रही है। साथ ही लगातार अवैध धान पकड़कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही भी की जा रही है।



17 प्रकरणों में संयुक्त टीम ने किया 1086 क्विंटल अवैध धान जब्त

संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न तहसीलों के अन्तर्गत नवम्बर माह मे अब तक 17 प्रकरणों में 2715 बोरी कुल 1086 क्विंटल अवैध धान वाहन सहित जब्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड वाड्रफनगर के ग्राम बलंगी में 03 पिकअप वाहनों में 174 बोरी धान जब्त किया गया। इसी प्रकार झापर पटेवा में पिकअप में 56 बोरी, बैकुण्ठपुर में पिकअप में 81 बोरी, धनवार बेरियर ट्रक में 730 बोरी, ग्राम रमेशपुर में 03 पिकअप में 168 बोरी तथा धनवार चेक पोस्ट में पिकअप में 20 बोरी वाहन सहित धान जब्त किया गया। इसी प्रकार विकासखण्ड बलरामपुर में ग्राम कपिलदेवपुर में पिकअप में 74 बोरी, ग्राम कपिलदेवपुर में ही ट्रक में 590 बोरी, विकासखण्ड रामचन्द्रपुर में कन्हर नदी बेरियर में ऑटो में 21 बोरी, अनुरुद्धपुर में पिकअप मे 60 बोरी तथा सिलाजु पचावल मोड में पिकअप वाहन में 60 बोरी अवैध धान वाहन सहित जब्त किया गया। ज्ञातव्य है कि जिले में अवैध धान की आवक को रोकने के लिए टीम गठित कर कोचियों एवं बिचौलियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है। साथ ही नागरिकों से अपील की है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि तथा अनियमितता होने पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसमें शिकायतकर्ता की जानकारी पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी।

# *जिले में अब तक 1646.40 क्विंटल धान की खरीदी*

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत जिले के सभी 49 धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। धान उपार्जन केन्द्रों में धान विक्रय करने के लिए टोकन कटवा कर निर्धारित तिथि में पहुंच रहे हैं। धान खरीदी में पारदर्शिता बनाएं रखने के लिए अधिकारियों के ड्यूटी भी लगायी गई है। जिले में अब तक 05 समितियों में धान की खरीदी हुई है। जिसमें जमड़ी समिति में 497.20 क्विंटल, त्रिकुण्डा में 262.80 क्विंटल, बरदर में 430 क्विंटल, विरेन्द्रनगर में 100 क्विंटल तथा सरना समिति में 356.40 क्विंटल कुल 1646.40 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिले के किसान धान बेचने के लिए लगातार धान की कटाई, मिजाई कार्य में लगे हुए हैं।



**21 क्विंटल प्रति एकड़ की मान से हो रही है धान खरीदी**

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार किसानों से समर्थन मूल्य पर 3100 रूपये प्रति क्विंटल तथा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जा रही है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की नीति ने किसानों के जीवन में नई उम्मीदें जगाई हैं। किसानों की मेहनत का सच्चा सम्मान करते हुए, सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि उन्हें उनकी उपज का वाजिब दाम मिले। इस फैसले से जिले के धान उपार्जन केंद्रों में हलचल और उत्साह देखा जा रहा है और समर्थन मूल्य पर धान खरीदे जाने पर जिले के किसानों के चेहरे पर खुशी झलक रही है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिये जिले के किसानों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## ग्रामीण इलाकों में भी स्ट्रीट लाइट लगवाए जाने कलेक्टर को ज्ञापन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** शहरी क्षेत्र की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्ट्रीट लाइट लगवाए जाने की मांग को लेकर आज भाजयुमो जिला महामंत्री ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में भाजयुमो जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता ने उल्लेख किया है कि ग्रामीण क्षेत्र के मोहल्ले, पारा व सड़कें रात के अंधेरा में डूबा रहता है, जिससे आए दिन छोटी बड़ी दुर्घटना होते रहती है। अंधेरा होने की वजह से विषैले जीव जंतुओं का भी खतरा बना रहता है। पूर्व में पंचायतों में कुछ स्ट्रीट लाइट लगे थे, जो अब खराब हो चुके है। शहरों की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्ट्रीट लाइट या सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट लगवाया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र भी शहर जैसा रोशनी विद्यमान हो



सके और आमजन को होने वाली दिक्कतों से निजात मिल सके। उन्होंने ज्ञापन में कलेक्टर से जल्द ही मांग को पूर्ण कराए जाने की अपील की है।

## डीएवी में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संविधान दिवस का आयोजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में प्राचार्य एचके पाठक के मार्गदर्शन एवं रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी एलआर साहू के नेतृत्व में 26 नवंबर को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर व्याख्यानमाला आयोजित कर प्राचार्य द्वारा विद्यालय परिवार को भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन करवाया गया।प्राचार्य एचके पाठक ने विद्यालय परिवार को संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संविधान दिवस मनाने का उद्देश्य देश के नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाना



है। इस दिवस पर हमें जीवन भर मौलिक कर्तव्यों और देश के कानून का पालन करने का प्रण लेना चाहिए और राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान देते रहना चाहिए। शिक्षिका बनीता सिन्हा ने कहा कि प्रति वर्ष 26 नवंबर को भारतीय संविधान के बारे में लोगों को जागरूक करने और संविधान के महत्व व अंबेडकर के विचारों और अवधारणाओं को फैलाने के उद्देश्य से संविधान दिवस मनाया जाता है।ये हमें अधिकार देता है तो उसके साथ अपने कर्तव्य भी याद दिलाता है। कक्षा 11 वीं की छात्रा साक्षी जायसवाल ने अपने वक्तव्य में संविधान दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए संवैधानिक मूल्यों का दृढ़ता से पालन करने की बात कही। आयोजन को सफल बनाने में रासेयो समिति सदस्यों, स्वयंसेवकों सहित विद्यालय परिवार सक्रिय रहा।

## जयनगर धान खरीदी केंद्र में धान की हुई बोहनी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जयनगर में आज धान खरीदी कार्य का शुभारंभ



कर बोहनी किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्राधिकृत अधिकारी अध्यक्ष एवं भाजपा शिवनंदनपुर मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिंझिया उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह, बिश्रामपुर पटवारी संतोष सिंह, राजेंद्र गवटिया, समिति प्रबंधक श्याम लाल प्रजापति उपस्थित थे। मुख्य अतिथि देवधन राम बिंझिया ने कहा कि भाजपा सरकार में किसी प्रकार का कोई परेशानी नहीं होगा। किसानों को वारदाना, सूत्री, ढुलाई इत्यादि की कोई कमी नहीं होगी। किसानों के हित में डबल इंजन की भाजपा सरकार अपने सभी वादे को पूरा कर रही है। किसानों की समृद्धि से देश का विकास संभव हो सकता है। इस दौरान भाजयुमो जिला मंत्री शांतनु सिंह चौहान, भागवत प्रजापति, हरीश राजवाड़े, देवेंद्र सोनवानी, कृष्णपाल बिंझिया, बंटेश्वर सारथी, लवन राजवाड़े, घलून राम, संजय सिंह, प्रशांत कुमार, ऋषि कुमार, मिथलेश कुमार, राजू व अन्य उपस्थित थे।

## संविधान दिवस पर प्रस्तावना का किया गया सामूहिक वाचन



**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** संयुक्त जिला कार्यालय भवन में 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा भारत के संविधान का सामूहिक वाचन किया गया।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे। भारतीय संविधान को 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री प्रमोद गुप्ता ने प्रातः 11.00 बजे कार्यालय परिसर में स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं राष्टपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारत के संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से वाचन करवाया। संविधान दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय में बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों ने भारत के संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया।

## सीएमपीएफओ के ट्रस्टी बोर्ड की बैठक अब 28



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** कोयला खान भविष्य निधि संस्थान के बोर्ड ऑफ ट्रस्टी की 182 वीं बैठक 28 नवम्बर को होगी। इसके पहले यह बैठक 27 नवम्बर को बुलाई गई थी। सीएमपीएफओ के सहायक आयुक्त एके सिन्हा द्वारा 22 नवंबर को पत्र जारी कर बैठक की नई तिथि की सूचना दी गई है। कोयला मंत्रालय में होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता कोल सेक्रेटरी विक्रम देवदत्त करेंगे।

## मालगाड़ी हुई बेपटरी, कई यात्री ट्रेनें हुई प्रभावित

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत बिलासपुर-कटनी रेलखंड पर खोंगसरा एवं भनवारटंक स्टेशन के बीच आज प्रातः मालगाड़ी के अप लाइन में पटरी से उतरने की घटना के फलस्वरूप इस मार्ग से चलने वाली कुछ यात्री गाड़ियों को रद्द एवं परिवर्तित मार्ग से गंतव्य के लिए रवाना किया जा रहा है।

गौरतलब है कि पेंड्रा में मालगाड़ी के करीब दो दर्जन डिब्बे सहित इंजन अचानक बेपटरी हो गई है।घटना भनवारटंक स्टेशन के पास हुआ है। घटना से बिलासपुर-पेंड्रारोड-कटनी मार्ग बुरी तरह प्रभावित हो गया है। घटना की सूचना पर रेल अधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच व अवरुद्ध हुए रेल मार्ग को पटरी पर लाने



युद्ध स्तर पर कैरेज वैगन स्टॉफ सहित रेल अमला मौके पर जुट गए हैं। हादसे में प्रबंधन को करोड़ों की आर्थिक क्षति का अनुमान है। घटना के बाद रेलवे प्रबंधन ने कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया है जबकि कुछ को परिवर्तित मार्ग से चलाए जाने की जानकारी है। 26 नवंबर को अंबिकापुर-दुर्ग वापसी गाड़ी दुर्ग-अंबिकापुर सहित अन्य गाड़ियों को प्रबंधन ने रदद किया है। इसी प्रकार 27 नवंबर बुधवार को गाड़ी संख्या 08740 बिलासपुर-शहडोल मेमू रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 08739 शहडोल-बिलासपुर मेमू भी रद्द रहेगी। इसके अलावा गंतव्य से पहले प्रारम्भ व समाप्त होने वाली यात्री ट्रेनों में 27 नवंबर बुधवार को गाड़ी संख्या 08747 बिलासपुर-कटनी मेमू शहडोल स्टेशन से प्रारम्भ होगी तथा गाड़ी संख्या 08748 कटनी-बिलासपुर मेमू शहडोल स्टेशन में समाप्त होगी। गाड़ी संख्या 08747/08748 बिलासपुर कटनी-बिलासपुर मेमू बिलासपुर शहडोल-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

## नवपदस्थ कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने किया पदभार ग्रहण

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** नवपदस्थ कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने 26 नवम्बर 2024 को अपराह्न में संयुक्त जिला कार्यालय भवन पहुंचकर कलेक्टर बलरामपुर-रामानुजगंज का पदभार ग्रहण कर लिया है। श्री कटारा संचालक राज्य शैक्षिक एवं अनुसंधान परिषद तथा अतिरिक्त प्रभार मिशन संचालक के पद पर कार्यरत थे। श्री कटारा 2013 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी हैं। इसके पूर्व कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा के बलरामपुर पहुंचने पर नवीन विश्राम गृह में




अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। श्री कटारा बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के 12वें कलेक्टर हैं। उनके पदभार ग्रहण करने के मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील, संयुक्त कलेक्टर श्री आर.एन. पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रमोद गुप्ता, श्रीमती इंदिरा मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शंकरगढ़, श्री आनंद राम नेताम, कुसमी, श्री करूण डहरिया, राजपुर, श्री राजीव जेम्स कुजूर, जिला कोषालय अधिकारी श्री संतोष सिंह एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## *नवपदस्थ कलेक्टर ने किया संयुक्त जिला कार्यालय का निरीक्षण*



**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले के नये कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर न्यायालय, रीडर कक्ष, सभाकक्ष सहित जिला निर्वाचन कार्यालय, एन.आई.सी., समाज कल्याण विभाग, खनिज विभाग, जिला रोजगार कार्यालय, उद्यानिकी विभाग, सहकारिता विभाग, कृषि विभाग, क्रेडा एवं पशुपालन विभाग सहित अन्य विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कार्यालयों में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की जानकारी ली तथा कार्यालय की साफ-सफाई, दस्तावेजों का संधारण, नियमित रूप से करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेना जमील, संयुक्त कलेक्टर श्री आर. एन. पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रमोद गुप्ता, श्रीमती इंदिरा मिश्रा एवं जिला कार्यालय प्रमुख सहित अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## ग्रामीण सब्जी विक्रेताओं का नहीं हो पा रहा व्यवस्थापन, रोज हो रहा विवाद

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** सप्ताह भर पूर्व सड़क से सब्जी बाजार को हटाए जाने की कार्यवाही की आज पुनः की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों से आकर नगर में सब्जी का दुकान लगाकर जीवन यापन करने वाले ग्रामीण सब्जी विक्रेताओं के हॉट बाजार में व्यवस्थापन का मामला सुलझ नहीं पा रहा है, जिससे आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों से आए सब्जी विक्रेताओं ने पुराना थाना व हनुमान मंदिर के बाजू में कॉलोनी मार्ग पर पुनः दुकान सजा लिए थे। जिसकी सूचना पर कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर सुरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल के मार्गदर्शन में पिलखा नायब तहसीलदार मीना सिंह व नगर पंचायत बिश्रामपुर सीएमओ सुशील तिवारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीण सब्जी विक्रेताओं को हॉट बाजार में दुकान लगाने समझाइश दी, लेकिन वे मानने को तैयार नहीं हुए। ग्रामीण क्षेत्रों से सब्जी विक्रय के लिए पहुंची दर्जनों महिलाओं का



आरोप है कि हॉट बाजार में बड़े सब्जी विक्रेताओं ने मुख्य जगहों सहित बड़े हिस्से पर कब्जा किया हुआ है। उन्हें बचे हुए स्थान जो शौचालय के करीब है या एकदम किनारे है वहां प्रशासन उनका व्यवस्थापन करना चाहती है जो सरासर गलत है। उनका आरोप है कि कपड़ा, जूता, फल व्यवसाई सहित मोची का काम करने वालों समेत सब्जी व आलू, प्याज के थोक व्यापारियों ने हॉट बाजार के सामने का पूरा हिस्सा कब्जा किया हुआ है। ऐसे में उन्हें एकदम अंतिम का हिस्सा जिधर शौचालय और गंदगी भरी पड़ी है और उन्हें प्रशासन वहां व्यवस्थापन करना चाहता है। ग्राहक उधर गंदगी व बदबू की वजह से जाना नहीं चाहते जिनसे उनका धंधा नहीं चलता है। सभी ने प्रशासन से नए सिरे से हॉट बाजार के जगह के आबंटन की मांग की है ताकि उनके साथ न्याय हो सके। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि हॉट बाजार जो खुला होना चाहिए कई व्यवसायियों ने बड़ा स्थान घेरकर बकायदा लोहे की जाली लगा दुकान का संचालन कर रहे हैं, जो विधि विरुद्ध है।प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए और हॉट बाजार को पूर्णतः खाली कराकर सभी को नियमानुसार उसमें जगह देना चाहिए। ग्रामीण सब्जी विक्रेताओं का आरोप यह भी है कि बड़े व्यापारी उन्हें परेशान करते हैं इस वजह से भी वे सड़क पर दुकान लगाने मजबूर हैं। पिलखा नायब तहसीलदार श्रीमती मीना सिंह ने बताया कि कलेक्टर का स्पष्ट निर्देश है कि सड़क पर दुकान नहीं लगेगी। पिलखा नायब तहसीलदार ने बताया कि वे हॉट बाजार के दुकान आबंटन की सूची मंगा रही हैं, जिसके बाद उसका परीक्षण कर आगे निर्णय लिया जाएगा। आज ग्रामीण सब्जी विक्रेताओं से हुई हुज्जतबाजी के बाद नगर पंचायत अमले ने साइड नाली के ढक्कन को खोल मौके पर छोड़ दिया ताकि लोग यहां दुकान न लगा सकें। आज इस कारण पूरे दिन मौके पर हंगामा होता रहा। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी गत दिनों सप्ताह भर पूर्व भी सड़क पर सब्जी दुकान लगाए जाने पर कार्यवाही की गई थी।

# डबल इंजन की सरकार में तेज रफ्तार से चल रही है छत्तीसगढ़ में विकास की रेल - मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर /मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ में अब तेज रफ्तार से विकास की रेल चल रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कल रायपुर से बिलासपुर तक की अपनी ट्रेन यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ के तेजी से विकास के संकल्प को पुनः दोहराया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछले 10 सालों में रेलवे के क्षेत्र में जो सकारात्मक बदलाव हुए, इसने न केवल यात्री सुविधाएं बढ़ी हैं, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिली है। उन्होंने कहा रेलवे के



आधुनिकीकरण से रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। रेलवे नेटवर्क के विस्तार से ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों को बड़े शहरों से जोड़ा जा रहा है, जिससे व्यापार और पर्यटन को प्रोत्साहन मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे भारत, तेजस और गतिमान जैसी हाई-स्पीड ट्रेनों ने यात्रा समय को काफी घटा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि आधुनिक ट्रेनों में वातानुकूलित डिब्बे, आरामदायक सीटें, वाई-फाई, ऑनबोर्ड कैटरिंग सुविधा मिल रही है। स्टेशन अब आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं, जिसने यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाया है। उन्होंने कहा कि ई-टिकटिंग और डिजिटल भुगतान ने बुकिंग प्रक्रिया को सरल और तेज बना दिया है। सौर ऊर्जा और बायो-टॉयलेट जैसी पहल पर्यावरण को संरक्षित करने में मदद कर रही हैं। भारतीय रेलवे अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और ऑटोमेशन जैसे आधुनिक तकनीकी उपायों के उपयोग की ओर आगे बढ़ रहा है, ताकि दक्षता और सेवा की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

इस चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार की मंशा है कि प्रदेश की आर्थिक तरक्की के लिए रेल परिवहन के समुचित उपयोग की ओर तेजी से आगे बढ़ा जाए। इसी क्रम में केंद्र सरकार के सहयोग से कई रेल परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है और कई ऐसी परियोजनाएं हैं, जिनको विस्तार दिए जाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा है कि डोंगरगढ़-कवर्धा-कटघोरा रेल लाइन परियोजना के लिए रेल मंत्रालय से मंजूरी मिल चुकी है।

# संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा संभाग श्री हेमन्त उपाध्याय ने ली जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर / संयुक्त संचालक शिक्षा सरगुजा संभाग श्री हेमन्त उपाध्याय की अध्यक्षता में मंगलवार को जिले के समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सर्व प्राचार्य शासकीय एवं अनुदान प्राप्त हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी तथा कस्तुरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के अधीक्षिकाओं की जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक शासकीय बहुद्देश्यीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक सिन्हा, सहायक जिला



परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा एवं जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा की उपस्थित रहे।

बैठक में आगामी कक्षा 10वीं एवं 12वीं की आयोजित होने वाले बोर्ड परीक्षाओं में परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत किये जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस संबंध में जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के विद्यार्थियों को विषयवार ब्लू प्रिंट की जानकारी 30 नवम्बर तक अनिवार्य रूप से दिये जाने हेतु प्राचार्यों को निर्देशित किया गया। श्री उपाध्याय ने विद्यालयों में 10 जनवरी 2025 तक पाठ्यक्रम पूर्ण कराने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा की व्यवस्था सहित शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित उन्मुखीकरण किया जावे। ऐसे विद्यार्थी जो नियमित विद्यालय नहीं आते हैं, प्राचार्य इनके अभिभावक से संपर्क करें तथा बच्चे को विद्यालय आने हेतु प्रेरित करें। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री सिन्हा द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के जिले का विगत वर्षों के परीक्षा परिणाम से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा 13 दिसम्बर से 21 दिसम्बर 2024 तक आयोजित होगी।

# संविधान रक्षक अभियान के शुभारंभ पर शामिल हुए कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

प्रतापपुर / भारत के संविधान को अपनाने की 75 वीं वर्षगांठ पर, संविधान दिवस पर संविधान रक्षक अभियान के तहद तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में मनाया गया इस अवसर पर मलिका अर्जुन खड़गे राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकसभा नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गाधी नें अपने विचार रखे, उक्त के सी वेणुगोपाल के राजू इमरान प्रतापगढ़ी राजेश लिलोथिया जंरिता लैतफलाग तथा कांग्रेस के सभी वरिष्ठजन एवं हिंदुस्तान के कौने कौने से आये हुए संविधान रक्षक, के साथ छत्तीसगढ़ के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन साथियों के साथ उपस्थित रहे इस अभियान की शुरूआत आज से की गई और यह अगले साल 26 जनवरी 2025 तक चलेगी। 26 जनवरी को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एक भव्य रैली के साथ इस अभियान का समापन होगा, जिसमें मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी भी शामिल होंगे। प्रदेश अध्यक्ष अमीन बताया कि अभियान की शुरूआत दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आज यानी 26 नवंबर को शुभारंभ किया गया है संविधान की अहमियत पर जोर देते हुए बताया की भारतीय लोकतंत्र और हमारे अधिकारों की रक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अभियान के तहत देशभर में जागरूकता फैलाई जाएगी और



संविधान के महत्व से लोगों कोअवगत कराया जाएगा।

केंद्र सरकार और आरएसएस पर आरोप लगाते हुए उन्होंने यह भी कहा था कि आरएसएस ने कभी भी भारतीय संविधान की बात नहीं की और न ही उन्होंने इस संविधान को पूरी तरह से अपनाया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में देश की संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है, जो संविधान के सिद्धांतों के खिलाफ है। उन्होंने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), आयकर विभाग और अन्य संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के उदाहरण देते हुए कहा था कि इन संस्थानों का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ किया जा रहा है। अजय यादव का कहना था कि इन संस्थाओं का उद्देश्य स्वतंत्रता और निष्पक्षता होनी चाहिए, लेकिन आज इनका दुरुपयोग सत्ता की राजनीतिक मंशाओं को पूरा करने के लिए किया जा रहा है।

कई नेताओं के खिलाफ लगे मुकदमों का उदाहरण देते हुए कांग्रेस नेता ने कहा था कि जब ये नेता भाजपा से जुड़ जाते हैं, तो उनके खिलाफ चल रहे मामले अचानक बंद हो जाते हैं। उन्होंने कहा था कि चंद्र नारायण गाने, प्रफुल्ल पटेल, हेमंत विश्वास और अजित पवार जैसे नेताओं के खिलाफ कई मामले थे, लेकिन जैसे ही वे भाजपा के साथ जुड़े, इन मामलों पर कार्रवाई बंद हो गई।

अमीन मेमन ने कहा कि वर्तमान सरकार ने निर्वाचन आयोग और अन्य संवैधानिक संस्थाओं को अपने नियंत्रण में कर लिया है। उन्होंने विशेष रूप से चुनाव आयोग की स्वतंत्रता पर सवाल उठाते हुए कहा था कि वर्तमान सरकार ने अपनी बहुमत के बल पर चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया और मुख्य न्यायाधीश को बाहर कर दिया। इसके अलावा, उन्होंने कहा था कि झारखंड और महाराष्ट्र में चुनावों के दौरान पुलिस प्रमुख (डीजीपी) को बदलने का निर्णय लिया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि चुनावों में निष्पक्षता नहीं है और सत्ता के खिलाफ किसी भी विरोध को दबाने के लिए संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है।

## संविधान दिवस पर जिला न्यायालय में संविधान की उद्देशिका का हुआ सामूहिक वाचन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर/ जिला न्यायालय अंबिकापुर में संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवम्बर को जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राम कुमार तिवारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कराया गया। श्री तिवारी ने कहा कि संविधान हमारे लोकतंत्र की नींव है और इसके मूल्यों को आत्मसात कर हम एक न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज की स्थापना कर सकते हैं। इस दौरान संविधान के मूल अधिकारों और कर्तव्यों पर चर्चा करते हुए युवाओं को संविधान के सिद्धांतों के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा दी गई। संविधान दिवस को हमारे लोकतंत्र का उत्सव बताते हुए सभी अधिवक्ताओं और न्यायालय कर्मियों से संविधान के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने अपील की गई। इस




अवसर पर विशेष न्यायाधीश श्री मनोज सिंह ठाकुर, जिला न्यायाधीश श्रीमति मोनिका जयसवाल, श्री मुकेश कुमार तिवारी सहित अन्य अधिवक्ताओं ने संविधान के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

# कलेक्टर के निर्देशानुसार धान खरीदी के सुचारु संचालन हेतु पहुंच रहे नोडल अधिकारी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर/ प्रदेश सहित जिले में भी खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत 14 नवम्बर से जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। कलेक्टर श्री विलास भोसकर के निर्देशानुसार जिले में धान खरीदी के सुचारू संचालन और आवश्यक व्यवस्था को सुनिश्चित करने हेतु उपार्जन केंद्रों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। नोडल अधिकारी निरंतर अपने प्रभार के धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करने पहुंच रहें हैं जिसमें नोडल अधिकारियों द्वारा उपार्जन केन्द्रों में धान विक्रय करने आने वाले किसानों के लिए



उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं की जांच करने के साथ ही उपलब्ध धान और बारदानों का सत्यापन भी किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारियों द्वारा उपार्जन केंद्र में शासन द्वारा निर्धारित मानकों की जांच के साथ गुणवत्तापूर्ण धान की खरीदी, अवैध धान खरीदी एवं परिवहन पर भी निगरानी रखी जा रहीं हैं। वहीं कलेक्टर श्री भोसकर के निर्देशानुसार दस्तावेजों का विधिवत संधारण इत्यादि पर सतत निरीक्षण कर साप्ताहिक प्रतिवेदन तैयार कर कमियों को पूर्ण कराने तथा भौतिक सत्यापन का कार्य भी नोडल अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।

# संविधान दिवस के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट सहित शासकीय कार्यालयों में हुआ संविधान की प्रस्तावना का पठन

## राष्ट्र की एकता और अखण्डता को सुरक्षित रखने ली गई शपथ

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर / संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को जिले के शासकीय कार्यालयों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने संविधान के प्रस्तावना का पठन किया। जिला कलेक्ट्रेट परिसर में भी भारतीय संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) का पठन किया गया। कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा डॉ भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता और अखण्डता को सुरक्षित रखने की शपथ दिलाई।




इस अवसर पर जिला कलेक्टोरेट कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। संविधान दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में विभाग प्रमुखों और अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पठन और राष्ट्र की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने की शपथ ली गई।

### अमृत सरोवर स्थलों पर मनाया गया संविधान दिवस

संविधान दिवस के अवसर पर जिले के अमृत सरोवरों पर भी संविधान दिवस मनाया गया। संविधान के प्रति सभी नागरिकों को जागरूक करने एवं अपने अधिकारों और कर्त्तव्यों के प्रति जागरूक रहने तथा उसके महत्व को समझने के उद्देश्य से सरोवर स्थल पर विविध कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही भारत के संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन भी किया गया।

## संत तारण तरण जयन्ती 27 नवम्बर को पशुवध गृह रहेंगे बंद

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर / नगर पालिका निगम अम्बिकापुर आयुक्त ने बताया कि स्थानीय शासन विभाग के आदेशानुसार 27 नवम्बर 2024 को संत तारण तरण जयन्ती होने के कारण पशुवध गृह बन्द रखे जाएंगे। उन्होंने समस्त मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुर्गा, मुर्गी विक्रेताओं को सूचित किया है कि संत तारण तरण जयन्ती पर मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुर्गा, मुर्गी का वध एवं विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने उपरोक्त तिथि को पशु वध एवं मांस विक्रय न किए जाने के निर्देश दिए हैं।

# चतुर्थ राज्य स्तरीय एकलव्य आदर्श विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25

## स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल करेंगे प्रतियोगिता का शुभारंभ, 1100 से ज्यादा खिलाड़ी 21 खेलों में खिलाड़ी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर / प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में 27 नवम्बर को सुबह 10 बजे चतुर्थ राज्य स्तरीय एकलव्य आदर्श विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 की भव्य शुरूआत होगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह पी.जी. कॉलेज ग्राउण्ड में आयोजित होगा। वहीं 28 नवम्बर को समापन समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

उद्घाटन एवं समापन समारोह की अध्यक्षता सांसद सरगुजा श्री चिंतामणी महराज करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अम्बिकापुर श्री राजेश अग्रवाल, विधायक लुण्ड्रा श्री प्रबोध मिंज, विधायक सीतापुर श्री रामकुमार टोप्पो, महापौर नगर पालिक निगम अम्बिकापुर डॉ अजय तिर्की, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्वविजय तोमर, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा एवं राज्य स्तरीय एकलव्य आदर्श विद्यालय संचालन समिति के सचिव श्री नरेन्द्र दुग्गा शामिल होंगे।

# शासकीय नवीन महाविद्यालय में युवाओं के लिए कौशल शिक्षा पर शिविर

## कौशल शिक्षा और उद्योग विकास के संबंध में कार्यशाला

**180 से अधिक छात्र उत्साह से उपस्थित रहे**

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अंबिकापुर- अदाणी इंटरप्राइजेज द्वारा सरगुजा जिले के लखनपुर स्थित शासकीय नवीन महाविद्यालय में कौशल शिक्षा और औद्योगिक क्रांति विषय पर हाल ही में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय में पढ़ रहे विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय के छात्र व छात्राओं, प्राध्यापकों और प्राचार्य सहित कुल 180 लोगों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य महाविद्यालय में पढ़ने वाले युवा विद्यार्थियों को क्षेत्र में उद्योगों से होने वाले विकास और उनसे मिलने वाले रोजगार व स्वरोजगार



के विभिन्न अवसरों से अवगत कराया था। विद्यार्थियों को कौशल विकास के लक्ष्य और महत्वाकांक्षाओं तथा उद्योगों से उत्पन्न रोजगार और स्वरोजगार के विभिन्न अवसरों से अवगत करने के उद्देश्य से प्रेजेंटेशन और लघु फिल्म भी दिखाई गई। विविध माध्यमों की मदद से कुछ वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में छात्रों ने प्रश्न पूछे और विचार विमर्श किया। साथ ही उनके अंचल में उद्योगों के लगने से हो रहे कई विकास कार्यों सहित उपलब्ध प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगारों के बारे में जानकारी दी गई, जिसे युवा विद्यार्थियों ने सहभागिता के साथ बड़े ही उत्साह से समझा और अपने विभिन्न प्रश्नों से जिज्ञासाओं को शांत किया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड अपने फाइव स्टार अवार्ड से सम्मानित खदान परसा ईस्ट केते बासेन कोयला खदान के सामाजिक सरोकारों के तहत अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से सरगुजा जिले में उदयपुर ब्लॉक के 14 गांवो में शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका संवर्धन तथा इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के कई कार्यक्रम संचालित करता है। जिसमें युवाओं को कौशल विकास केंद्र, साल्ही में इलेक्ट्रीशियन और सिलाई प्रशिक्षण सहित कई पाठ्यक्रम चलाए जा रहे है। जिसमें अब तक 350 से अधिक सफल प्रशिक्षुओं को उनकी कुशलता के अनुरूप नौकरी तथा स्वरोजगार के भी अवसर मिले हैं। साथ ही क्षेत्र में जैव विविधता को बरकरार रखने के लिए 14 लाख से ज्यादा पेड़ों का रोपण कर एक नया जंगल तैयार किया गया है। जबकि वृक्षारोपण का कार्य सतत जारी है।

## कृषक अपने अच्छे जूट बारदाने धान विक्रय में कर सकते हैं इस्तेमाल, प्रति बारदाना 25 रुपए का भुगतान होगा किसान को



छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर / राज्य शासन ने किसानों के हित में धान खरीदी प्रक्रिया को अधिक लाभकारी और पारदर्शी बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। इसी क्रम में उपार्जन केंद्रों में धान विक्रय हेतु किसान द्वारा अपने अच्छे जूट बारदाने का उपयोग कर सकने और इसके एवज में प्रति बारदाना 25 रुपए का भुगतान किसान को किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। बीते दिनों खाद्य सचिव द्वारा सभी जिलों के कलेक्टरों और संबंधित अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में यह जानकारी दी गई है कि इस वर्ष किसान अपने अच्छे जूट बारदानों का उपयोग धान विक्रय में कर सकते हैं। इसके लिए किसानों को प्रति बारदाना 25 रुपए का अतिरिक्त भुगतान किया जाएगा।


खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन में नये बारदाने, पुराना जुट बारदाना व पीडीएस बारदानों सहित किसानों बारदानों का प्रयोग किया जाना है। जिसके तहत कृषक अपने अच्छे जूट बारदाना का प्रयोग धान विक्रय में कर सकते हैं।

## सम्पादकीय

# करारी हार के बाद भी कांग्रेस बदलने को तैयार क्यों नहीं

कांग्रेस के साथ जो हरियाणा के विधानसभा चुनाव में हुआ वही महाराष्ट्र में हो गया। अगर पार्टी ने देश की राजधानी से सटे हरियाणा के चुनाव से कोई सबक लिया होता तो महाराष्ट्र की तस्वीर कुछ और ही होती, लेकिन बीते एक दशक से देखने में आ रहा है कि कांग्रेस एक-एक करके सिमट रही है, फिर भी उसके नेताओं और नीति में कोई बदलाव नहीं आ रहा। हरियाणा की ही तरह महाराष्ट्र में भी हवा कांग्रेस गठबंधन के पक्ष में नजर आ रही थी। लोकसभा चुनाव में इसके रुझान भी सामने आ गए थे, लेकिन परिणाम कुछ और ही आए। 1972 के बाद ये पहला मौका है, जब किसी अलायंस को महाराष्ट्र में इतना बड़ा मैंडेट मिला है। चुनाव से चार महीने पहले शुरू की गई महायुति सरकार की 'लाडकी बहिन योजना' गेम चेंजर बनी। इस चुनाव में भाजपा के माइक्रोमैनेजमेंट ने इतनी बड़ी कामयाबी दिलाई। इसके अलावा 25 हजार महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती, सीनियर सिटीजन की पेंशन 1500 रुपये से बढ़ाकर 2100 रुपये करने और हर महीने 25 लाख नौकरियां, 10 लाख छात्रों को 10 हजार रुपये महीना ट्यूशन फीस देने का वादा महायुति की छवि को मजबूत करने में कामयाब रहा। लोकसभा चुनाव के बाद अघाड़ी की तीनों पार्टियां ओवरकॉन्फिडेंट नजर आईं, जिसका चुनाव में नुकसान हुआ। चुनाव से ठीक पहले पांच गारंटी देने की बात की थी, लेकिन इन गारंटियों को वो जनता के बीच पहुंचाने में नाकाम रही। महाविकास अघाड़ी की तुलना में महायुति की तीनों पार्टियों का पोलिंग कोऑर्डिनेशन बेहतर था। उन्होंने बिना वक्त गंवाए टिकट का बंटवारा किया। वहीं, एमएवी हर दिन होटल में मीटिंग करती रही। फिर भी नॉमिनेशन के आखिरी दिन से कुछ दिन पहले कैंडिडेट घोषित कर सकी। इसका आम वोटर में गलत संदेश गया। इसके अलावा चुनावों के ठीक पहले एकनाथ शिंदे सरकार ने मदरसों के शिक्षकों की सैलरी बढ़ाई। शिंदे ने एक मुस्लिम उम्मीदवार को भी चुनाव मैदान में उतारा। 'बटेंगे तो कटेंगे' जैसे नारों का विरोध कर एनसीपी और बीजेपी के कुछ नेताओं ने मुसलमानों को अपने यहां से जाने से रोका, जिसका फायदा चुनाव में साफ नजर आ रहा है। मौजूदा सरकार को अपनी जिस स्कीम पर सबसे ज्यादा भरोसा था, उसी ने काम किया है। उनकी महिलाओं तक 1500 रुपये पहुंचाने की डायरेक्ट ट्रांसफर बेनिफिट योजना लाडकी बहिन थी, वो कारगर साबित हुई। दीपावली से पहले जिस तरीके से महिलाओं को 7500 रुपये मिले, उसने पूरा गेम चेंज कर दिया। इसने एक साथ 6 फीसदी महिलाओं के वोट में इजाफा कर दिया, जो गेमचेंजर साबित हुआ। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस, एनसीपी (शरद) और उद्धव ठाकरे ने घोषणाएं तो बहुत की, लेकिन उसे आम जनमानस तक पहुंचाने में कामयाब नहीं हो पाए। न ही ये दल एक-दूसरे को अपने वोट शिफ्ट करवा पाए। वहीं भाजपा के नेतृत्व में शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित पवार) की तिकड़ी में गजब का तालमेल नजर आया और पीछे से आरएसएस की रणनीति ने तस्वीर ही बदल दी। चुनाव से महिनों पहले सिर्फ महाराष्ट्र के ही नहीं संघ के बाहर के प्रचारक भी यहां काम करने आ गए। हालांकि कांग्रेस के कई नेता भी पहुंचे, लेकिन वो मीटिंग तक ही सीमित रहे, जिसका खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ा। असल में एक के बाद एक मिल रही करारी हार के बाद भी न तो कांग्रेस के नेता संभलने तो तैयार हैं और न ही आलाकमान। अगर हालात यही रहे तो देश का सबसे पुराना राजनीतिक दल एक दिन इतिहास बनकर रह जाएगा।

## सारा संसार



विश्व प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी में स्थित है। भगवान शिव का यह मंदिर उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर में गंगा नदी के तट पर स्थित है। काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। इस मंदिर को विश्वेश्वर के नाम से भी जाना जाता है।

# विश्व के लिए आदर्श 'सहकार से समृद्धि' का भारतीय दर्शन



विचार
अमित शाह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद से निरंतर समाज के पिछड़े, अति पिछड़े, गरीब और विकास की दौड़ में पीछे छूट चुके लोगों के उत्थान की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। मोदी सरकार मानती है कि यह परिवर्तन सहकारिता आंदोलन को मजबूत किये बिना नहीं हो सकता। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब भारत ने सहकारी आंदोलन के पुनरुत्थान की दिशा में बड़े कदम उठाये हैं। कमजोर पड़ रही सहकारी संस्थाओं के सशक्तीकरण से लेकर उनके व्यापार को सरल बनाना, समितियों में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए मजबूत प्रशासनिक, नीतिगत और कानूनी उपाय किये गए हैं।

सहकारिता एक ऐसी व्यवस्था है, जो समाज में आर्थिक रूप से आकांक्षी लोगों को न सिर्फ समृद्ध बनाती है, बल्कि उन्हें अर्थव्यवस्था की व्यापक मुख्यधारा का हिस्सा भी बनाती है। सहकारिता बिना पूंजी या कम पूंजी वाले लोगों को समृद्ध बनाने का एक बहुत बड़ा साधन है। सहकारिता के माध्यम से भारत इन लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

हमारे देश में सहकारिता की एक विस्तृत परंपरा तो रही है, लेकिन आजादी से पहले सहकारिता जिस प्रकार आर्थिक आंदोलन का माध्यम बनी, उसे और भी अधिक ऊर्जा और शक्ति के साथ आगे बढ़ाने का कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में शुरू हुआ। वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सहकारिता का स्वायत्त मंत्रालय स्थापित कर सहकारिता के लिए अवसरों के सारे बंद दरवाजे खोल दिए। महज तीन वर्षों में देश में सहकारिता को मजबूत बनाने के लिए जितने कदम उठाये हैं, उससे भारत अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ सहकारी क्षेत्र में भी 'विश्वमित्र' बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

अब भारत का सहकारिता आंदोलन एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने जा रहा है। देश 25-30 नवंबर, 2024 को दिल्ली में 'अंतरराष्ट्रीय सहकारी गठबंधन (आईसीए) महासभा' और वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी करने को तैयार है। आईसीए के 130 वर्ष के इतिहास में यह पहला मौका है, जब भारत इसका आयोजक होगा। इस सम्मेलन से संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का भी शुभारंभ होगा। आईसीए महासभा और वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी वैश्विक सहकारी आंदोलन में भारत के नेतृत्व की स्वीकार्यता का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद से निरंतर समाज के पिछड़े, अति पिछड़े, गरीब और विकास की दौड़ में पीछे छूट चुके लोगों के उत्थान की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। मोदी सरकार मानती है कि यह परिवर्तन सहकारिता आंदोलन को मजबूत किये बिना नहीं हो सकता। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब भारत ने सहकारी आंदोलन के पुनरुत्थान की दिशा में बड़े कदम उठाये हैं। कमजोर पड़ रही सहकारी संस्थाओं के सशक्तीकरण से लेकर उनके व्यापार को सरल बनाना, समितियों में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए मजबूत प्रशासनिक, नीतिगत और कानूनी उपाय किये गए हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 'सहकार से समृद्धि' का मंत्र दिया है, जिसका उद्देश्य देश की सहकारी संस्थाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना है। देश में सहकारी तंत्र का विस्तार कर एक नया आर्थिक मॉडल खड़ा किया जा रहा है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को पाँच ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा करने में सहायक साबित होगा। दुनिया के अन्य देशों के लिए यह एक विकास मॉडल के रूप में सामने आएगा।

भारत में प्राचीन काल से ही सहकारिता का एक समृद्ध इतिहास रहा है। इसके संकेत कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी मिलते हैं। दक्षिण भारत में भी 'निधियों' का प्रचलन सहकारी वित्तीय व्यवस्था की झलक प्रदान करता है। पाश्चात्य विचारों से प्रभावित कई अर्थशास्त्रियों ने 21वीं सदी की शुरुआत में ही यह चर्चा प्रारंभ कर दी थी कि सहकारिता



का विचार आधुनिक युग में कालबाह्य हो गया है। मेरा यह स्पष्ट मानना है कि भारत जैसे 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में किसी 3 करोड़, 5 करोड़ या 10 करोड़ जनसंख्या वाले देशों का आर्थिक मॉडल उपयुक्त नहीं हो सकता। देश को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए, आर्थिक विकास के सभी मानकों में वृद्धि के साथ-साथ यह आवश्यक है कि 140 करोड़ लोगों की समृद्धि हो, सभी व्यक्तियों को काम मिले और उन्हें सम्मान से जीने का अधिकार भी प्राप्त हो, और यह केवल सहकारिता के माध्यम से ही संभव है। देश के इतिहास में इसके कई उदाहरण भी हैं। अहमदाबाद डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक ने पिछले 100 वर्ष में 100 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है। बैंक न केवल अपने एनपीए को शून्य पर बनाये रखने में सफल रहा है बल्कि उसके पास 6,500 करोड़ रुपये से अधिक की जमाराशि भी है। अमूल भी सहकारी आंदोलन का उल्लेखनीय उदाहरण है। वर्तमान में, इससे 35 लाख परिवार सम्मान और रोजगार प्राप्त कर रहे हैं, और इन परिवारों की महिलाएं अग्रिम पंक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। परिणामस्वरूप, आज अमूल का वार्षिक कारोबार 80,000 करोड़ रुपये तक पहुँच चुका है। दिलचस्प बात यह है कि इन महिलाओं में से किसी ने भी 100 रुपए से अधिक का प्रारंभिक निवेश नहीं किया था।

सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में सरकार ने 60 से अधिक पहलों पर काम शुरू किया है। दशकों की उपेक्षा और प्रशासनिक कुरीतियों के परिणामस्वरूप अधिकांश प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) आर्थिक रूप से कमजोर और निष्क्रिय हो गईं थी। सरकार ने पैक्स के कार्यक्षेत्र में विस्तार के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने का काम शुरू किया। इनके लिए नए बाय-लॉ अपनाने से अब पैक्स डेयरी, मत्स्य पालन, अन्न भंडारण, जन औषधि केंद्र आदि जैसे 30 से अधिक विविध क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने में सक्षम हुए हैं। तीन नई राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्यीय सहकारी समितियों के गठन से सहकारिता का क्षितिज और व्यापक हुआ है। राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड ने विदेशी बाजारों तक सहकारी उत्पादों की पहुंच को सुगम बनाया तो राष्ट्रीय सहकारी जैविक लिमिटेड ने जैविक प्रमाणीकरण और बाजार का मंच तैयार किया। भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड ने उन्नत बीजों की सुलभता सुनिश्चित की है। वित्तीय सहायता, कर राहत और इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम से सहकारी चीनी मिलें समृद्ध हो रही हैं। सहकारी बैंकिंग प्रणाली को मजबूत करने के लिए सहकारी संस्थाओं के पैसे को सहकारी बैंकों में ही जमा करने पर बल दिया गया है। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस के माध्यम से सहकारी समितियों को पारदर्शी बनाने और प्रक्रिया को आसान बनाने से देश के सहकारी रूप से कम विकसित क्षेत्रों में सहकारी समितियों की पहुंच बनी है। इसके अतिरिक्त सरकार एक समग्र और व्यापक नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति पर भी काम कर रही है।

आईसीए महासभा और वैश्विक सम्मेलन 2024 का मंच भारत के सहकारी आंदोलन द्वारा वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने, आर्थिक सशक्तीकरण, लैंगिक समानता सुनिश्चित करने और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति हेतु भारत के अभूतपूर्व प्रयासों को रेखांकित करेगा। सम्मेलन का एक मुख्य एजेंडा एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण है, जो सहकारी समितियों को उभरती चुनौतियों का सामना करने और अवसरों के उपयोग के लिए सशक्त बनाए।

आज जब हम इस ऐतिहासिक आयोजन की मेजबानी करने जा रहे हैं, मैं दुनिया भर के सहकारी नेताओं, नीति निर्माताओं और मानव विकास के पक्षधरों का आह्वान करता हूं। आइए! हम वैश्विक सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए- सीखने, साझा करने और सहकार की भावना के साथ एकजुट हों। "सहकार से समृद्धि" के प्रति भारत की प्रतिबद्धता सामूहिक समृद्धि, सातत्यता और साझा प्रगति जैसे मूल्यों पर आधारित उज्ज्वल भविष्य का संकल्प है। *-लेखक केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री हैं।*


## अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई



संकलित
**दर्शन**

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है। इसमें हम सभी को अभ्यास रूप में कसरत करनी पड़ती है, जिससे हम आध्यात्मिक बल से अधिकाधिक बलवान बनते रहें।

## कर्म महत्वपूर्ण है



संकलित
**प्रेरणा**

एक निक्कमे आदमी की पत्नी ने उसे घर से निकलते हुए कहा आज कुछ न कुछ कमा कर ही लौटना नहीं तो घर में नहीं घुसने दूगीं। आदमी दिन भर इधर-उधर भटकता रहा, लेकिन उसे कुछ काम नहीं मिला। निराश मन से वह जा रहा थी कि उसकी नजर एक मरे हुए सांप पर पड़ी। उसने एक लाठी पर सांप को लटकाया और घर की और जाते हुए सोचने लगा, इसे देखकर पत्नी डर जाएगी और आगे से काम पर जाने के लिए नहीं कहेगीं। घर जाकर उसने सांप को पत्नी को दिखाते हुए कहा, ये कमाकर लाया हूं। पत्नी ने लाठी को पकड़ा और सांप को घर की छत पर फेंक दिया। वह सोचने लगी कि मेरे पति की पहली कमाई जो कि एक मरे हुए सांप के रूप में मिली, ईश्वर जरुर इसका फल हमें देगें क्योकिं मैंने सुना हैं कि कर्म का महत्व होता हैं। वह कभी व्यर्थ नहीं जाता। तभी एक बाज़ उधर से उड़ते हुए निकला जिसने चोंच में एक कीमती हार दबा रखा था। बाज़ की नजर छत पर पड़े हुए सांप पर पड़ी उसने हार को वहीं छोड़ा और सांप को लेकर उड़ गया। पत्नी ने हार को पति को दिखाते हुए सारी बात बताई। पति अब कर्म के महत्व को समझ चुका था, उसने हार को बेचकर अपना व्यवसाय शुरू किया। कल का एक गरीब इन्सान आज का सफल व्यवसायी बनकर इज्जत की जिंदगी जी रहा हैं। चलने वाला मंजिल पाता, बैठा पीछे रहता हैं ठहरा पानी सड़ने लगता, बहता निर्मल रहता हैं। पैर मिले हैं चलने को तो, पांव पसारे मत बैठो आगे-आगे चलना हैं तो, हिम्मत हारे मत बैठो।

## व्यंग्य

सत्याकिशन



# राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान प्रणाली की शुरुआत

भारत की शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण परिवर्तन की घोषणा करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत भारतीय ज्ञान प्रणाली विषय की शुरुआत की गई है। यह कदम भारतीय संस्कृति, परंपराओं और ज्ञान की धरोहर को संजोने और आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। भारतीय ज्ञान प्रणाली, जिसे संक्षेप में आई के एस कहा जाता है। इसका उद्देश्य छात्रों को भारतीय परंपराओं, विज्ञान, कला, साहित्य, दर्शन, योग, आयुर्वेद, गणित और अन्य क्षेत्रों में समृद्ध विरासत के बारे में जागरूक करना है। एनईपी 2020 ने शिक्षा के हर स्तर पर भारतीयता की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया है। आईकेएस की शुरुआत उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस पहल के बारे में बताते हुए कहा, हमारा लक्ष्य है कि हमारी युवा पीढ़ी भारतीय ज्ञान की महान परंपराओं और उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अवगत हो। यह न केवल हमारे सांस्कृतिकऔर ऐतिहासिक गर्व को बढ़ाएगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान को भी मजबूती प्रदान करेगा।

आईकेएस का पाठ्यक्रम विभिन्न आयामों को समाहित करेगा, जिसमें भारतीय दर्शन, प्राचीन साहित्य, वेद, उपनिषद, योग, आयुर्वेद, ज्योतिष, नाट्यशास्त्र, वास्तुशास्त्र, और पारंपरिक कला और संगीत शामिल हैं। इसके अलावा, छात्रों को भारतीय गणित, खगोल शास्त्र, धातुकर्म, और अन्य प्राचीन विज्ञानों का भी ज्ञान दिया जाएगा। इस विषय को प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा में चरणबद्ध तरीके से शामिल किया जाएगा। शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे ताकि वे आई के एस के विभिन्न पहलुओं को प्रभावीढंग से पढ़ा सकें। इसके अलावा, डिजिटल संसाधनों और ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को इस विषय के बारे में गहन जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि आई के एस विषय के समावेश से छात्रों में न केवल भारतीय संस्कृति और ज्ञान के प्रति गर्व और सम्मान की भावना जागृत होगी, बल्कि यह उन्हें समग्र और बहुआयामी दृष्टिकोण से सोचने के लिए प्रेरितकरेगा। इससे भारत के प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के बीच एक सेतु का निर्माण होगा, जो नई खोजों और नवाचारों को प्रोत्साहित करेगा। अनेक शिक्षा विदों ने इस पहल का स्वागत किया है। इसे भारतीय शिक्षा प्रणाली के सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना है। उनके अनुसार, आई के एस का समावेश छात्रों को अपनी जड़ों से जुड़ने और वैश्विक मंच पर भारतीय ज्ञान की विशिष्टता को प्रदर्शित करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।राष्ट्रीय शिक्षा नीति में आई के एस विषय की शुरुआत भारतीय शिक्षा प्रणाली के इतिहास में एक मील का पत्थर साबित हो सकती है। यह पहल न केवल छात्रों के शैक्षणिक विकास में सहायक होगी, बल्कि भारतीय समाज के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

*-सह प्राध्यपक, वाणिज्यविभाग, मैट्स यूनिवर्सिटी, रायपुर*

## अंतर्मन




## आज की पाती

### योजनाओं में पारदर्शिता लाना जरूरी

हाल ही में राशन कार्डों की केवाईसी में करोड़ों राशन कार्डों को फर्जी पाया गया है जो कि यह सिद्ध करता है कि हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हैं और भ्रष्टाचार में राजनेता ही नहीं, सरकारी बाबुओं के साथ-साथ आम लोग भी संलिप्त हैं। केंद्र सरकार ने महिलाओं के जन धन खाते में लगभग पांच सौ रुपए डालने की कोशिश की थी, तब भी समृद्ध महिलाओं ने अपने जन धन खाते जरूर खुलवाए होंगे। वैसे भी हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरी हो चुकी हैं, कुछ सत्ताधारी, राजनेता और सरकारी बाबू समृद्ध लोगों को भी फर्जी गरीब बना देते हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो हमारे देश में गरीबों की योजनाओं के फर्जीवाड़े के मामले सुर्खियां न बनते। कुछ समय पहले एक फर्जीवाड़े की खबरें सामने आई थी।

*- संदीप पुरोहित, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# मैं जलवायु संकट को कर्म के नजरिए से देखता हूं



प्रसिद्ध लेखक अमिताव घोष को जलवायु परिवर्तन संकट के इर्द-गिर्द "अकल्पनीय की कल्पना" विषय पर उनके योगदान के लिए मंगलवार को एम्स्टर्डम के रॉयल पैलेस में एक भव्य समारोह में 'इरास्मस पुरस्कार' प्रदान किया जाएगा। घोष दक्षिण एशिया के पहले ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है।घोष का जन्म कोलकाता में हुआ था। उन्होंने कहा कि वह एक ऐसे पुरस्कार के लिए चुने जाने पर 'बेहद सम्मानित' महसूस कर रहे हैं, जिसे दशकों से चार्ली चैपलिन और इगमार बर्गमैन जैसे कलाकारों से लेकर ट्रेवर नोआ तक विभिन्न क्षेत्रों की महान हस्तियों कोप्रदान किया गया है। 'प्रीमियम इरास्मियनम फाउंडेशन' ने इस पुरस्कार के लिए घोष को चुना है। घोष ने अगले सप्ताह नीदरलैंड में होने वाले पुरस्कार समारोह से पहले कहा, 'मैं आशावाद और निराशावाद या आशावाद और निराशा के बीच के इस पूरे द्वैतवाद में बहुत विश्वास नहीं करता। मुझे लगता है कि भारतीय पृष्ठभूमि से होने के नाते मैं इन चीजों के बारे में कर्म और धर्म के संदर्भ में सोचता हूं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हालात चाहे कैसे भी हों यह हमारा धर्म है कि हम जो भी कर सकते हैं, करें।

## ऑफ बीट

# क्रिस्टल से खुलासा, मंगल ग्रह पर शुरू से ही था पानी



पृथ्वी पर पानी सर्वत्र मौजूद है। पृथ्वी की सतह का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका हुआ है। पानी हवा में, सतह पर और चट्टानों के अंदर मौजूद है। भूगर्भीय साक्ष्य बताते हैं कि लगभग 4.3 अरब साल पहले से पृथ्वी पर पानी मौजूद रहा है। मंगल ग्रह पर पानी का इतिहास बहुत अनिश्चित है। यह निर्धारित करना कि पानी पहली बार कब, कहां और कितने समय तक दिखाई दिया, ये सभी ज्वलंत प्रश्न हैं जो मंगल ग्रह पर खोज को आगे बढ़ाते हैं। यदि मंगल ग्रह पर कभी जीवन संभव था, तो कुछ मात्रा में पानी की आवश्यकता वहां रही होगी। हमने मंगल ग्रह से आए उल्कापिंड में मौजूद खनिज जिरकोन का अध्ययन किया और पाया कि 4.45 अरब साल पहले जब जिरकोन क्रिस्टल बना था, तब वहां पानी मौजूद था। साइंस एडवांसेज पत्रिका में आज प्रकाशित हमारे नतीजे मंगल ग्रह पर पानी के सबसे पुराने सबूत पेश कर सकते हैं। लाल ग्रह था आद्र यह लंबे समय से माना जाता रहा है कि मंगल ग्रह के आरंभिक इतिहास में पानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अपने परिणामों को व्यापक संदर्भ में रखने के लिए, आइए सबसे पहले विचार करें कि मंगल ग्रह के भूवैज्ञानिक समय-सीमा के संदर्भ में 'प्रारंभिक मंगल' का क्या अर्थ है, और फिर मंगल ग्रह पर पानी की खोज के विभिन्न तरीकों पर विचार करें।

## ट्रेंड


### एक पेड़ मां के नाम



मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान ने सिर्फ 5 महीनों में सौ करोड़ पेड़ लगाने का अहम पड़ाव पार कर लिया है। ये हमारे देशवासियों के अथक प्रयासों से ही संभव हुआ है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### कांग्रेस परजीवी पार्टी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा था कि कांग्रेस ऐसी परजीवी पार्टी है, जो बेल की तरह जिसके साथ भी चिपकती है, उसे भी सुखा देती है। महाराष्ट्र चुनाव ने कांग्रेस को तो सुखाया ही लेकिन परजीवी पार्टियों को भी सुखा दिया।

-जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष

### इंसाफ़ की उम्मीद



संभल में शांति की अपील के साथ ही ये भी अपील है कि कोई भी इंसाफ़ की उम्मीद न छोड़े। नाइंसाफी का हुक्म ज़्यादा दिन नहीं चलता। सरकार बदलेगी और न्याय का युग आएगा।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

### कम खपत की जरूरत



जहां दुनिया की 15% आबादी ग्रह के 80% संसाधनों का उपभोग करती है, हमें उनकी अनियंत्रित खपत पर कर का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। हमें उनकी कम खपत की सख्त जरूरत है! शेखर कपूर, फिल्मकार





# लौट रही है एसीपी प्रद्युमन की 'सीआईडी' टीम...

**मुंबई।** सीआईडी छोटे पर्दे पर एक उन मशहूर शो में से एक रहा है, जिसे देखना दर्शक काफी पसंद करते हैं। एसीपी प्रद्युमन की टीम ने करीब 2 दशक तक टीवी पर ऑडियंस का भरपूर मनोरंजन भी किया है। अब 6 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर से सीआईडी सीजन 2 के जरिए टीवी जगत में वापसी करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। हाल ही में शो के लेटेस्ट प्रोमो वीडियो सामने आए हैं, जिनसे फैंस की एक्साइटमेंट लेवल हाई हो चुकी है। इस बीच सीआईडी 2 की रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। आइए जानते हैं कि आप कब से इस स्पाई थ्रिलर शो को टीवी पर दोबारा से देख सकते हैं।

## लाइफ Style

# सामंथा
## पूर्व प्रेमी पर खर्चे बेकार में पैसे

एजेंसी ⏭ मुंबई

सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी हालिया रिलीज वेब सीरीज सिटाडेल: हनी बनी की सफलता का आनंद ले रहीं हैं। शो में उनके और वरुण धवन की जोड़ी को फैंस ने काफी ज्यादा पसंद किया है। इस शो के अलावा अभिनेत्री अपने एक हालिया बयान की वजह से भी काफी चर्चा बटोर रही हैं।

दरअसल हाल में ही अमेजन प्राइम वीडियो ने फैंस के साथ वरुण और सामंथा के बीच हुई मजेदार बातचीत का वीडियो साझा किया है, जिसमें अभिनेता ने उनसे पूछा कि उन्होंने सबसे ज्यादा पैसे किस बेकार चीज पर खर्चे हैं। इसका अभिनेत्री ने जवाब देते हुए कहा, पूर्व प्रेमी को दिए उपहारों पर। प्राइम वीडियो द्वारा साझा की गई बातचीत के दौरान, वरुण ने सामंथा से मजाकिया अंदाज में पूछा, आपने क्या किसी बेकार चीज पर सबसे ज्यादा पैसे खर्च किए हैं? सामंथा ने बिना कोई पल गंवाए चुटकी लेते हुए कहा, मेरे पूर्व प्रेमी के महंगे उपहार। इस पर वरूण थोड़े हैरान नजर आए। उन्होंने आगे पूछा, वो अमाउंट कितना है? इस पर सामंथा ने शांत भाव से जवाब दिया, काफी। अभिनेत्री का यह जवाब काफी ज्यादा वायरल हो रहा है। जाहिर है कि सामंथा और नागा चैतन्या के तलाक की खबरों ने काफी ज्यादा सुर्खियां बटोरी हैं। ऐसे में अभिनेत्री के इस स्पष्ट जवाब के बाद से सोशल मीडिया पर लोगों ने भी कई तरह की प्रतिक्रियाएं दी हैं। हालांकि, नागा चैतन्य के साथ अपने पिछले रिश्ते के बारे में अभिनेत्री ने हमेशा से एक गरिमापूर्ण चुप्पी बनाए रखी है, लेकिन उनके इस बयान के बाद कई फैंस नागा चैतन्या की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहे हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# एफ-1 के सेट पर गिर पड़े

**लॉस एंजिलिस।** वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स की फिल्म 'एफ 1' अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। ब्रैड पिट अभिनीत इस फिल्म का लुत्फ आप 25 जून, 2025 को उठा सकेंगे। वहीं, यूएस और कनाडा में यह 27 जून, 2025 को दस्तक देगी। वहीं, हालिया रिपोर्ट की मानें तो मुख्य अभिनेता सेट पर बेहोश होकर गिर गए, जिसके तुरंत बाद उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ गया। हालिया रिपोर्टों के अनुसार, मुख्य अभिनेता ब्रैड पिट को एक दुर्घटना सीन को फिल्माने के दौरान ग्रिड पर बेहोश होकर फर्श पर गिरते हुए देखा गया था।



# मलिक ने कॉन्सर्ट के दौरान दिया लियाम को ट्रिब्यूट...

**लॉस एंजिलिस।** गायक जेन मलिक अपने 'स्टेयरवे टू द स्काई' टूर पर हैं। इसी बीच उन्होंने अपने पहले कॉन्सर्ट के दौरान पूर्व 'वन डायरेक्शन' बैंडमेट लियाम पायने को ट्रिब्यूट दिया। 16 अक्टूबर को 31 साल की उम्र में पायने की असामयिक निधन ने उनके प्रशंसकों का दिल तोड़ दिया। इस सप्ताह की शुरुआत में लियाम के अंतिम संस्कार के बाद मलिक ने 23 नवंबर को पहली बार परफॉर्म किया। गायक ने पहले कॉन्सर्ट में गाने गाए इसके बाद उन्हें आखिरी में लियाम को श्रद्धांजलि अर्पित करते और भावुक होते देखा गया। पूर्व 'वन डायरेक्शन' गायक ने लियाम को याद करते हुए प्रोजेक्टर की मदद से मंच पर एक संदेश प्रसारित किया। लियाम के नाम और उनकी जन्म तिथि और निधन के विवरण के साथ 'लव यू भाई' लिखा हुआ था। इस जेस्चर ने 'वन डायरेक्शन' के प्रशंसकों को भावुक कर दिया है।



# पटौदी पैलेस को करती हैं मिस...

**मुंबई।** अभिनेता सैफ अली खान और उनकी पूर्व पत्नी अमृता सिंह की बेटी सारा अली खान भी अपने पैरेंट्स की तरह ही बॉलीवुड में अभिनय कर रही हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान अपने पुराने दिनों को याद किया। वह बताती हैं कि जब उनके मम्मी-पापा का तलाक नहीं हुआ था, तब वह पूरे परिवार के साथ छुट्टियां मनाती थी और खूब एंज्वॉय करती थी। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया कि अब उनकी मां का व्यवहार पहले की तुलना में अधिक अच्छा हो गया है। वह इस बात से काफी खुश हैं। हालिया दिए गए इंटरव्यू में सारा कहती हैं, 'मुझे मेरे भाई और मां को लंदन बहुत पसंद है। पापा को भी लंदन अच्छा लगता है। इसके अलावा सारा अली ने यह भी बताया कि वह अपने पिता के पैतृक घर पटौदी पैलेस को भी काफी मिस करती है।





# 20 साल पहले कैसे शूट हुआ भीगे होंठ तेरे

**मुंबई।** निर्देशक अनुराग बसु और निर्माता महेश भट्ट की मर्डर एक कल्ट मूवी के तौर पर जानी जाती हैं। इमरान हाशमी और मल्लिका शेरावत स्टारर इस फिल्म की कहानी के साथ-साथ गाने भी दर्शकों को काफी पसंद आए थे। मर्डर के भीगे होंठ गाने ने उस वक्त इंडस्ट्री में सनसनी मचा दी थी, क्योंकि इमरान और मल्लिका की इंटीमेट केमिस्ट्री ने हर किसी को हैरान कर दिया था। अब 20 साल के लंबे समय के बाद मल्लिका शेरावत ने इस गाने की शूटिंग को लेकर इनसाइड स्टोरी पर खुलकर बात की है और बताया है कि ये गीत कैसे और कहां शूट हुआ। मल्लिका और इमरान की इस गाने को मशहूर गीतकार कुणाल गांजावाला ने अपनी जादुई आवाज में गाया था। गीत के बोल से ज्यादा इसमें दिखाए गए इंटीमेट सीन्स को लेकर खूब चर्चा हुई थी।

## टीवी मसाला


# सलमान खान ने दिए डेयरिंग टास्क

**मुंबई।** इन दिनों कलर्स चैनल पर आने वाला रियालिटी शो 'बिग बॉस 18' खूब धूम मचा रहा है। सलमान खान के होस्टिंग के निराले अंदाज और प्रतियोगियों के गेम में बने रहने की कोशिशों को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। यही कारण है कि वीकएंड का वार एपिसोड का भी फैंस को इंतजार रहता है। कुछ देर पहले ही कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पर पेज पर बिग बॉस वीकएंड के वार की कुछ झलकियां दिखाई गईं। इसमें सलमान खान कुछ अलग तरह के टास्क वाइल्ड कार्ड प्रतियोगियों को देते हुए नजर आए। इन्हें प्रतियोगियों ने भी बखूबी करके दिखाया। सलमान खान ने वीकएंड के वार एपिसोड की झलकियों में वाइल्ड कार्ड प्रतियोगियों को कहा कि उनके सामने एक व्हील रखा है, जिस पर कुछ टास्क लिखे हैं। जो भी वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी हैं, उन्हें उसे घूमाना है, जो भी टास्क आएगा, उन्हें बिग बॉस के पुरुष प्रतियोगियों के साथ पूरा करना है। ऐसे में सबसे पहले यामिनी मल्होत्रा ने व्हील को घूमाया और उनको किसी को इंप्रेस करने का टास्क मिला। ऐसे में यामिनी ने अविनाश को चुना और उन्हें अपनी बातों से इंप्रेस किया। यामिनी ने अविनाश की खूब तारीफ की और आखिर में उन्हें एक फूल दिया।




## गोविंदा से मिलने पहुंचीं शिल्पा

**मुंबई।** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता गोविंदा हाल में ही अस्पताल में भर्ती हुए थे, क्योंकि उन्होंने गलती से खुद को पैर में गोली मार ली थी। इसके बाद उनसे मिलने उनके परिवार और कई दोस्त आए थे। हाल में मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा के आगामी एपिसोड का प्रोमो जारी किया गया है, जिसमें गोविंदा, शक्ति कपूर और चंकी पांडे नजर आने वाले हैं। इसमें गोविंदा ने शिल्पा शेट्टी से जुड़ा एक मजेदार वाकया साझा किया है, जब वो अभिनेता से मिलने अस्पताल पहुंची थीं। कपिल शर्मा के शो पर गोविंदा ने इसका जिक्र करते हुए कहा, "कपिल, जब शिल्पा मुझसे मिलने आईं, तो उन्होंने सबसे पहले पूछा, 'चीची, तुम्हें चोट कैसे लगी? सुनीता कहां थीं?'।" गोविंदा ने उन्हें बताया कि सुनीता मंदिर में थीं। शिल्पा ने मजाक में कहा, तो गोली किसने मारी? इस बात से कपिल से लेकर अर्चना पूरन सिंह तक सभी को हंसने पर मजबूर हो गए।



# डेट पर पहुंचे विजय-रश्मिका



**मुंबई।** साउथ अभिनेता विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना एंटरटेनमेंट की दुनिया के चर्चित नाम हैं। कपल को एक रेस्टोरेंट में साथ लंच करते देखा गया। इसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। दोनों को साथ देखकर प्रशंसकों के बीच चर्चा शुरू हो गई है। दोनों के नाम को लेकर अक्सर चर्चा होती रहती है। दोनों को लेकर इन दिनों काफी चर्चा हो रही है। विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने अपने रिश्ते को लेकर कोई पुष्टि नहीं की है। अब दोनों को फिर से साथ में समय बिताते देखा गया। दोनों एक कैफे में साथ में समय बिताते नजर आए। कपल को लेकर अक्सर चर्चा होती रहती है। रश्मिका मंदाना इस दौरान अपने कैजुएल स्टाइल में ही पहुंचीं। उन्होंने नीले रंग का क्रॉप टॉप डैनिम जींस के साथ पहना था। वहीं, विजय भी नीली जैकेट में नजर आ रहे हैं। विजय ने इसके साथ ही कैप भी पहनी हुई है।

# 'एक नजर' से बॉलीवुड में किया डेब्यू, शत्रुघ्न सिन्हा की जगह मिला था रजा मुराद को वकील का किरदार

**नई दिल्ली।** अभिनेता रजा मुराद को उनके टीवी सीरियल और फिल्मों के कारण प्रशंसक जानते और पसंद करते हैं। रजा मुराद ने छोटे पर्दे के साथ ही बड़े पर्दे पर भी अपनी धाक जमाई। बात करें फिल्मों की तो रजा मुराद ने 500 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। रजा मुराद ने राजीव कपूर, राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन, ऋषि कपूर जैसे बड़े सितारों के साथ काम किया है। रजा मुराद को अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म में काम करके डेब्यू करने का मौका मिला। अमिताभ बच्चन के साथ पहली फिल्म में काम करने को लेकर रजा मुराद अक्सर बात करते हैं। इस फिल्म का निर्माण निर्माता निर्देशक बी आर इशारा ने की है। रजा मुराद ने एक नजर में वकील की भूमिका निभाई थी।



### इन फिल्मों में नजर आ चुके हैं रजा मुराद

रजा मुराद को उनके अभिनय के कारण प्रशंसक पसंद करते हैं। फिल्मी सफर के अलावा बात करें रजा मुराद की फिल्मों की तो 'एक नजर' के अलावा रजा मुराद 'बॉबी', 'प्रेम रोग', 'राम तेरी गंगा मैली', 'हिना', 'नमक हराम', 'राम लखन' जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं।

### शत्रुघ्न सिन्हा का मिला किरदार


रजा मुराद को शत्रुघ्न सिन्हा की जगह फिल्म में किरदार मिला था। इसको लेकर रजा मुराद ने खुद बताया कि तब तक शत्रुघ्न सिन्हा इतने व्यस्त हो चुके थे कि उनकी डेट्स में दिक्कत हो रही थी। इसी कारण रजा  तो उनकी जहब बी आर इशारा ने मुझे बुलाया। इस फिल्म के लिए रजा मुराज ने पहली बार 28 जुलाई 1971 को मैंने पहला शॉट दिया था।

### छोटे पर्दे पर भी बनाया नाम

रजा मुराद को छोटे पर्दे पर भी कई धारावाहिकों में देखा जा चुका है। छोटे पर्दे पर भी उनकी भूमिकाओं को प्रशंसक पसंद करते हैं। वे 'मधुबाला', 'वीर शिवाजी', 'बाइबिल की कहनियां', 'रिश्तों की डोर', 'क्रांति' जैसे टीवी धारावाहिकों पर काम कर चुके हैं।


# 'कल्कि 2' की 30 से 35% शूटिंग पहले ही हो चुकी है पूरी...

*मुंबई। प्रभास, अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण अभिनीत डायस्टोपियन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की अगली कड़ी जल्द ही फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है। निर्माताओं ने खुद इसकी पुष्टि की है। साथ ही इसमें दीपिका पादुकोण के किरदार पर बड़ा अपडेट साझा किया है। इतना ही नहीं उन्होंने फिल्म में अभिनेत्री के किरदार की एक झलक भी दिखाई है। गोवा में 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में अपनी फिल्म की स्क्रीनिंग में भाग लेते हुए, स्वप्ना दत्त और प्रियंका दत्त ने रेड कार्पेट पर पत्रकारों से बात करते हुए 'कल्कि 2' पर अपडेट दिया। कथित तौर पर 'कल्कि 2' पहली फिल्म होगी जिसकी शूटिंग दीपिका अपने मैटरनिटी ब्रेक के बाद करेंगी। अभिनेत्री ने इस साल की शुरुआत में बेटी दुआ पादुकोण सिंह का स्वागत किया। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने यह भी बताया था कि 'कल्कि' के पहले भाग की शूटिंग के दौरान वह गर्भवती थीं। नाग अश्विन की फिल्म में भी उन्होंने एक गर्भवती महिला की भूमिका निभाई थी। वहीं दूसरे पार्ट में दीपिका के रोल के बारे में बात करते हुए स्वप्ना ने कहा, 'वह अगली कड़ी के कुछ हिस्सों में मां की भूमिका में ही दिखाई देंगी।*



# रेखा की गोदी में बैठा ये लड़का बना चॉकलेटी हीरो
## शाहरुख से ज्यादा इस पर मरती थीं लड़कियां


**नई दिल्ली।** शाहरुख खान और ऐश्वर्या राय की 'मोहब्बतें' फेम हीरो जुगल हंसराज तो आपको याद ही होंगे। जी हां, हम उसी एक्टर की बात कर रहे हैं, जिन्होंने अपनों नीली आंखों से लड़कियों को अपना दीवाना बना लिया था। जुगल हंसराज ज्यादा फिल्मों में नजर तो नहीं आए, लेकिन अपने चॉकलेटी बॉय इमेज से उन्होंने लड़कियों के दिलों में एक खास जगह जरूर बना ली। जुगल हंसराज के बचपन की एक फोटो इस समय सोशल मीडिया मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें वे बॉलीवुड की सदाबहार अभिनेत्री रेखा की गोद में बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। इस तस्वीर में जुगल हंसराज काफी छोटे और प्यारे लग रहे हैं। जुगल हंसराज ने बचपन से ही एक्टिंग शुरू कर दी थी। वे कई फिल्मों में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट देखे गए हैं। इन दिनों जुगल हंसराज फिल्मों से पूरी तरह गायब हैं और अमेरिका में अपने परिवार के साथ सेटल हैं। जुगल अपनी पत्नी जैस्मिन और बेटे के साथ अमेरिका में रहते हैं। साल 2014 में अपनी लॉन्ग टर्म गर्लफ्रेंड जैस्मिन ढिल्लों से शादी करने के बाद जुगल हमेशा के लिए अमेरिका शिफ्ट हो गए थे। हालांकि अब जुगल फिल्मों में तो एक्टिव नहीं हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर वे काफी सक्रिय देखे जाते हैं। उनका लुक भी अब पहले की तुलना में काफी बदल गया है। एक समय ऐसा भी था जब जुगल पर शाहरुख खान से भी ज्यादा लड़कियां फिदा थीं। जुगल हंसराज ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी। उन्हें मासूम और कर्मा जैसी फिल्मों में देखा जा चुका है। पापा कहते हैं, मोहब्बतें, सलाम नमस्ते और आजा नचले जुगल हंसराज की कुछ पॉपुलर फिल्में हैं।



# कुछ लोग अव्यवस्था फैलाकर संसद को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं

## पीएम मोदी ने चुनावी हार के बाद विपक्ष पर साधा निशाना

एजेंसी



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संसद के शीतकालीन सत्र से पहले मीडिया को संबोधित किया। संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है और 20 दिसंबर 2024 तक चलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2024 का आखिरी चरण चल रहा है और देश 2025 की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा, संसद का यह सत्र कई मायनों में खास है और सबसे महत्वपूर्ण बात संविधान के 75वें वर्ष की शुरूआत है। कल संविधान सदन में सभी लोग हमारे संविधान के 75वें वर्ष का जश्न मनाएंगे।

पीएम मोदी ने कहा यह शीतकालीन सत्र है, मुझे उम्मीद है कि माहौल भी ऐसा ही होगा। देश 2025 का स्वागत करने के लिए तैयार हो रहा है। यह सत्र कई मायनों में महत्वपूर्ण है। सबसे महत्वपूर्ण संविधान के 75 साल पूरे होने का है, यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। कल सत्र के दौरान सभी लोग इस अवसर का जश्न मनाएंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि कुछ लोग जिन्हें जनता ने नकार दिया है, वे लगातार मुट्ठीभर लोगों की गुंडागर्दी के जरिए संसद को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश की जनता उनके सारे कर्मों को गिनती है और समय आने पर उन्हें सजा भी देती है। लेकिन सबसे दुखद बात यह है कि नए सांसद नए विचार, नई ऊर्जा लेकर आते हैं और वे किसी एक पार्टी के नहीं बल्कि सभी पार्टियों के होते हैं।

कुछ लोग उनके अधिकारों का हनन करते हैं और उन्हें सदन में बोलने का मौका भी नहीं मिलता... लेकिन जिन्हें जनता ने लगातार 80-90 बार नकार दिया है, वे संसद में चर्चा नहीं होने देते। वे न तो लोकतंत्र की भावना का सम्मान करते हैं और न ही वे लोगों की आकांक्षाओं के महत्व को समझते हैं। उनके प्रति उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है, वे उन्हें समझ नहीं पाते और इसका नतीजा यह होता है कि वे कभी भी लोगों की उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाते। प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा 235 सीटों पर जीत हासिल करने और विपक्षी महा विकास अघाड़ी को 288 सदस्यीय सदन में 49 सीटों पर धकेलने के कुछ दिनों बाद आई है। इससे पहले, भाजपा ने हरियाणा चुनाव में आश्चर्यजनक रूप से लगातार तीसरी जीत दर्ज की, जिसमें उसने कांग्रेस को हराया, जिसे चुनाव-पूर्व पसंदीदा माना जा रहा था।

मोदी ने कहा, संसद में स्वस्थ बहस होनी चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से कुछ लोग अपने राजनीतिक लाभ के लिए संसद को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं, व्यवधान और अराजकता का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने कहा, हालांकि उनकी रणनीति अंततः विफल हो जाती है, लेकिन लोग उनके व्यवहार को करीब से देखते हैं और समय आने पर न्याय करते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि वह विपक्षी सहयोगियों से बार-बार आग्रह कर रहे हैं और कुछ लोग इस बात पर भी सहमत हैं कि संसद को सुचारू रूप से चलना चाहिए।

# संभल हिंसा को लेकर अखिलेश का आरोप

## सरकार ने जानबूझकर कराया यह दंगा

संवाददाता



**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश में मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के अदालत के आदेश के विरोध में रविवार को हुई संभल हिंसा के संबंध में समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर रहमान बर्क और स्थानीय सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सोहेल इकबाल के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की गई है। हालांकि, इसको लेकर समाजवादी पार्टी योगी सरकार पर सवाल खड़े कर रही है।

सपा नेता ने आगे कहा कि कुछ लोग तो यहां तक कहते हैं कि फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' देखने के बाद उन्हें लगा कि वे भी बड़े नेता बनना चाहते हैं और इसीलिए ये सब किया गया। उन्होंने कहा कि हमारे सांसद संभल में थे ही नहीं, इसके बावजूद उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई। यह सरकार द्वारा किया गया दंगा है। उन्होंने कहा कि हमारे सभी सांसद और सभी विपक्षी दलों के लोग इस सवाल को संसद में उठाना चाहते थे लेकिन जब भी हमें समय मिलेगा हम इस मुद्दे को उठाएंगे।' हमारा प्रतिनिधिमंडल संभल भी जाएगा और पीड़ितों से मुलाकात करेगा। समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर रहमान बर्क की भी प्रतिक्रिया आई है।

बर्क ने कहा कि संभल में पुलिस प्रशासन ने जो घटना को अंजाम दिया है, उसने पूरी मानवता को झकझोर कर रख दिया है और प्रदेश व देश की छवि को धूमिल किया है। कल संभल तो क्या, मैं प्रदेश में भी नहीं था, मैं बेंगलुरु गया था इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक में शामिल हुए, लेकिन मेरे खिलाफ मुकदमा दायर कर दिया गया। यह पुलिस प्रशासन की साजिश है। उन्होंने कहा कि जब जनता को पता ही नहीं चलेगा कि आप सर्वे करने आ रहे हैं तो वे क्या साजिश करेंगे? साजिश के तहत उन्होंने हथियारों का इस्तेमाल किया है, उन्होंने हमारे 5 निर्दोष लोगों की हत्या कर दी है, कई लोग घायल हैं, एक झूठा मामला दर्ज किया गया है। मैं चाहता हूं कि इन अधिकारियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए और उन्हें सलाखों के पीछे डाला जाना चाहिए।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 33.c

न्यूनतम तापमान 24.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 81,634.72

निफटी 25,013.85

# ओडिशा: मुख्यमंत्री ने 20 लाख महिलाओं के लिए धन वितरण की शुरूआत की

एजेंसी

नई दिल्ली, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को 20 लाख महिलाओं के लिए राज्य की वित्तीय सहायता योजना सुभद्रा योजना के तहत धन वितरण की शुरूआत की।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितंबर को इस योजना की शुरूआत की थी। अब तक 80 लाख महिलाओं को कई चरणों में योजना की पहली किस्त के रूप में 5,000 रुपये मिल चुके हैं। धन का यह ताजा वितरण तीसरा चरण है जिसकी शुरूआत माझी ने सुंदरगढ़ जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में की। बैठक में केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम, उपमुख्यमंत्री प्रावती परिदा और पंचायती राज मंत्री रबी नारायण नाइक समेत अन्य लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। योजना के तहत, 21 से 60 वर्ष की पात्र महिलाओं को 2028-29 तक पांच वर्षों में 50,000 रुपये मिलेंगे। उन्हें सालाना 10,000 रुपये दो समान किस्तों में मिलेंगे, जो सीधे उनके बैंक खातों में जमा किए जाएंगे। धन वितरण की शुरूआत करते हुए माझी ने समारोह में मौजूद महिलाओं से कहा कि वे अपने बैंक खातों में पैसे जमा होने के अलर्ट के लिए अपने मोबाइल फोन की जांच करें। जैसे ही मोबाइल फोन में पैसा जमा होने का मैसेज आया, दर्शकों ने तालियां बजाकर खुशी मनाई।

# संभल हिंसा मामले में कूदे राहुल गांधी, भाजपा पर साधा निशाना

सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग

एजेंसी



नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा के एक दिन बाद, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर निशाना साधा है। इसके साथ ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में जल्द से जल्द हस्तक्षेप करने का भी आग्रह किया। राहुल ने एक्स पर लिखा कि संभल, उत्तर प्रदेश में हालिया विवाद पर राज्य सरकार का पक्षपात और जल्दबाजी भरा रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंसा और फायरिंग में जिन्होंने अपनों को खोया है उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

कांग्रेस नेता ने आगे लिखा कि प्रशासन द्वारा बिना सभी पक्षों को सुने और असंवेदनशीलता से की गई कार्रवाई ने माहौल और बिगाड़ दिया और कई लोगों की मृत्यु का कारण बना - जिसकी सीधी ज़िम्मेदार भाजपा सरकार है। उन्होंने कहा कि भाजपा का सत्ता का उपयोग हिंदू-मुसलमान समाजों के बीच दरार और भेदभाव पैदा करने के लिए करना न प्रदेश के हित में है, न देश के। मैं सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर न्याय करने का अनुरोध करता हूं।

उन्होंने आगे लिखा कि मेरी अपील है कि शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखें। हम सबको एक साथ जुड़ कर यह सुनिश्चित करना है कि भारत सांप्रदायिकता और नफरत नहीं, एकता और संविधान के रास्ते पर आगे बढ़े। उत्तर प्रदेश के संभल की जामा मस्जिद में रविवार को सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा में घायल एक और व्यक्ति की मौत हो गई जिससे हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गयी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुरादाबाद परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज जी. ने सोमवार को संवाददाताओं को बताया कि रविवार को हुई हिंसा में घायल होने के बाद मुरादाबाद में भर्ती कराये गये एक और व्यक्ति की मौत हो गयी है।

उन्होंने बताया कि जल्द ही शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिंसा में मारे गये तीन युवक नईम, बिलाल और नोमान का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक ने बताया कि घटना के वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की पहचान करके उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बीच, एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि तनावपूर्ण हालात के मद्देनजर जिला प्रशासन ने आगामी 30 नवंबर तक जिले में बाहरी लोगों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी है। बयान में कहा गया कि अब किसी भी बाहरी व्यक्ति, सामाजिक संगठन या जनप्रतिनिधि को जिले में दाखिल होने के लिए प्रशासन से अनुमति लेनी होगी।

**संक्षिप्त समाचार**

### जम्मू कश्मीर के रियासी में शिव खोरी मंदिर की सुरक्षा की समीक्षा की गई

एजेंसी

श्रीनगर, जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में रविवार को शिव खोरी मंदिर और उसके आस-पास के इलाकों की व्यापक सुरक्षा समीक्षा की गई। पुलिस के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। नौ जून को तेरयाथ गांव में शिव खोरी मंदिर से लौट रही तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में नौ लोग मारे गए और 40 अन्य घायल हो गए थे। प्रवक्ता ने बताया कि रियासी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) परमवीर सिंह ने तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों की सुरक्षा के लिए कड़े सुरक्षा उपाय और प्रभावी भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए रनसू और उसके आसपास के इलाकों में शिव खोरी मंदिर की सुरक्षा की समीक्षा की।

### अडानी समूह से तेलंगाना सरकार नहीं लेगी 100 करोड़ रुपए का दान!

तेलंगाना, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी के राज्य में स्थापित की जा रही यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी के लिए 100 करोड़ का दान पर रोक लगा दी है। रेड्डी ने दान को रोकने के निर्णय के लिए प्रारंभिक घोषणा के बाद बढ़ती 'अनावश्यक चचाओं' का हवाला दिया। रेड्डी के हवाले से कहा गया कि यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि अडानी की घोषणा ने अनावश्यक चचाओं को जन्म दिया कि यदि दान स्वीकार किया गया तो यह राज्य सरकार या सीएम का पक्ष ले सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तेलंगाना सरकार ने अदानी समूह सहित किसी भी संगठन से एक भी रुपया अपने खाते में स्वीकार नहीं किया है। रेड्डी ने कहा कि मैं और मेरे मंत्रिमंडल के सहयोगी ऐसी अनावश्यक चचाओं और स्थितियों में शामिल नहीं होना चाहते हैं, जिससे राज्य सरकार या मेरी छवि को नुकसान पहुंचे।

# संविधान को राजनीति से दूर रखना चाहिए : ओम बिरला

एजेंसी

नई दिल्ली, संसद के शीतकालीन सत्र की शुरूआत सोमवार 25 नवंबर से होने वाली है। शीतकालीन सत्र की शुरूआत होने के साथ ही संसद में तीन मुख्य विधेयक पेश किए जाते है। इस बार हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल करने के बाद शुरू हो रहे इस सत्र में सरकार की स्थिति मजबूत होने की संभावना है। वहीं संसद सत्र शुरू होने के पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को एएनआई से बात की है।

इस दौरान ओम बिरला ने कहा कि संविधान को राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए क्योंकि यह एक सामाजिक दस्तावेज है और सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का स्रोत है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एएनआई से कहा, संविधान हमारी ताकत है। यह हमारा सामाजिक दस्तावेज है। इस संविधान की वजह से ही हमने सामाजिक और आर्थिक बदलाव लाए हैं और समाज के वंचित, गरीब और पिछड़े लोगों को सम्मान दिया है। आज दुनिया में लोग भारत के संविधान को पढ़ते हैं, इसकी विचारधारा को समझते हैं और कैसे उस समय हमने बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों, सभी जातियों को वोट देने के अधिकार का प्रयोग किया। इसलिए हमारे संविधान की मूल भावना हमें सभी को एकजुट करने और मिलकर काम करने की ताकत देती है। इसलिए संविधान को राजनीति के दायरे में नहीं लाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी पार्टी या विचारधारा की सरकार संविधान की मूल भावना (या संरचना) को प्रभावित नहीं कर सकती। बिरला ने कहा कि संविधान में समय-समय पर बदलाव किए गए हैं, लेकिन लोगों के अधिकारों और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए। लोकसभा अध्यक्ष विपक्ष के उन आरोपों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें कहा गया था कि सरकार संविधान में बदलाव करेगी। लोकसभा अध्यक्ष ने आगे बताया कि संविधान में बदलाव सामाजिक बदलाव के लिए भी किए गए हैं। लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने कहा, लोगों की आकांक्षाओं और अधिकारों तथा पारदर्शिता बनाए रखने के लिए समय-समय पर संविधान में बदलाव किए गए हैं। सामाजिक परिवर्तन के लिए भी बदलाव किए गए हैं। लेकिन किसी भी राजनीतिक दल, किसी भी सरकार ने संविधान की मूल भावना के साथ छेड़छाड़ नहीं की है। यही कारण है कि न्यायपालिका को समीक्षा करने का अधिकार है, ताकि मूल ढांचा बना रहे। इसलिए, यहां हमारे देश में, किसी भी पार्टी की विचारधारा की सरकार कभी भी संविधान की मूल भावना के साथ छेड़छाड़ नहीं कर सकती है।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने हमेशा कहा है कि समाज के वंचित, गरीब, पिछड़े लोगों को अभी भी आरक्षण की जरूरत है और इसलिए सरकार संविधान के मूल दर्शन के तहत काम करती है ताकि उनके जीवन में खुशहाली आ सके, उनके जीवन में सामाजिक बदलाव आ सके। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि नियम और परंपराएं दिशा और दृष्टि प्रदान करती हैं, तथा शिष्टाचार बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। बिरला ने कहा, नियम और परंपराएं एक दृष्टि देती हैं, एक दिशा देती हैं। इसीलिए बाबासाहेब ने उस समय कहा था कि यह संविधान में आस्था रखने वाले लोगों और इसे लागू करने वालों पर निर्भर करेगा।

# देश के भूले गौरव को पुनर्स्थापित करने की जरूरत : भागवत

एजेंसी

नई दिल्ली, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को भारत के भूले गौरव को फिर से स्थापित करने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि भारत दुनिया से अच्छी चीजें ले सकता है लेकिन उसे अपनी आत्मा और प्रकृति को बरकरार रखना चाहिए। यहां राष्ट्रवादी विचारकों के सम्मेलन लोकमंथन-2024 के समापन कार्यक्रम में भागवत ने कहा, इसके लिए हमें पहले जड़ से अध्ययन करना होगा और अपने विचारों को उसी दायरे में रखना होगा। खासकर नई पीढ़ी को इसके बारे में सोचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले सवालों का जवाब देने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि देश व्यावहारिक और दार्शनिक दुनिया में पहले ही जीत चुका है। भागवत ने बिना ज्यादा कुछ बताए कहा, हार को छिपाने के लिए दुरुपयोग की प्रवृत्ति है। कुछ ऐसा ही हो रहा है। कुछ दिन पहले चुनाव हुए थे। आप इसे देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 2,000 वर्षों में किये गए सभी प्रयोग (जिनमें ईश्वर में विश्वास करने वाले और विश्वास नहीं करने वाले, व्यक्तिवादी और समाजवादी भी शामिल हैं) लड़खड़ा गए और भारत की ओर देख रहे हैं।


**न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

**रा.प्र.क.........ब-121/2024-25**

**ग्राम-अमदरी तहसील राजपुर**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोठराम आ0 मंगला जाति नगेसिया निवासी ग्राम अमदरी थाना तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा अपनी माता स्व0 सुधनी की मृत्यु ग्राम अमदरी में दिनांक 19.12.2015 को हुआ है। किन्तु जन्म /मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है। आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 28/11/2024 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 20/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

**रा.प्र.क.../20(3)/2024-25**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पुष्पा जायसवाल पत्नी स्व0 गुरू प्रसाद जायसवाल एवं अन्य-09 के द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व की मोहल्ला दरीपारा नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-10 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3769/2, 3771/3, 3771/4 रकबा क्रमशः 0.028, 0.113, 0.054 हे0 को अनावेदक/क्रेता हर्षित अम्बस्ट आ0 श्री संजय अम्बस्ट निवासी मो0 दरीपारा (कबीर वार्ड) थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के पास विक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 13/12/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैंज। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 19/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

**रा.प्र.क./........../अ-20(3)/2024-25**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक सोनी आ0 स्व लखन प्रसाद सोनी उम्र 46 वर्ष जाति सोनार निवासी शीतला वार्ड सत्तीपारा अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0, के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला सत्तीपारा नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-09 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3370/1, 3371/1 रकबा क्रमशः 0.014,1/2, 0.08,1/4 एकड़ में से रकबा 0.03 एकड़ भूमि को निजी कार्य हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक सुशीला सोनी पत्नी रमेश सोनी उम्र लगभग 44 वर्ष जाति सोनार निवासी शीतला वार्ड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के पास विक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूख्र-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 13/12/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैंज। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 22/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

**रा.प्र.क......ब-121/2024-25**

**ग्राम-दुप्पी तहसील राजपुर**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामभरोश आ0 स्व0 बुधराम निवासी ग्राम दुप्पी थाना तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा अपने पिता स्व0 बुधराम की मृत्यु ग्राम दुप्पी में दिनांक 10.08.2009 को हुआ है। किन्तु जन्म /मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है। आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 03/12/2024 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 26/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)**

**रा.प्र.क्र.-ब/121 वर्ष**

**ग्राम - रगदा प.ह.न. -14**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसणारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपलाल देवांगन पिता चन्देल देवांगन जाति पनिका निवासी ग्राम रगदा प.ह.न. 14 रा.नि. मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र/पुत्री सिद्धि देवांगन आ० रूपलाल देवांगन का जन्म/मृत्यु दिनांक 01/02/2021 को ग्राम रगदा में हुई है, अज्ञानतावश जन्म/मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र/पुत्री सिद्धि देवांगन का जन्म/मृत्यु पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत रगदा को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 28/11/2024 अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 30/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
भैयाथान
जिला सूरजपुर (छ०ग०)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ राक्षम प्राधीकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**//उद्घोषणा//**

**कमाक //वाचक-1/व्यपवर्तन/2024**

पत्थलगांव, दिनांक 18/11/2024

एतद द्वारा समस्त आम जनता ग्राम करमीटिकरा प.ह.न.12, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति आशा खलखो पति चेतराम खलखो जाति उरांव निवासी ग्राम गोढ़ीकला तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम करमीटिकरा प. ह. नं. 12 ख०नं० 914/10 रकबा 0.161 हे0 में से 0.080 हे. स्थित आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 11.12.2024 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के 'न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो ये नियत दिनांक/समय /स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 18.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.)

## अज्ञात वाहन की ठोकर से बाईक सवार एक युवक की मौत, दूसरा गम्भीर

### घर का इकलौता चिराग था मृतक

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** अज्ञात वाहन की ठोकर से बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई है। जबकि दूसरा युवक आहत हुआ है। जिसे उपचार हेतु यहां जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। हादसा बीती शाम ग्राम पलमा में पौड़ी कप्सरा मार्ग पर हुआ है। मृतक अपने घर का इकलौता चिराग था। सड़क हादसे में उसके निधन से परिजन सदमे में है।

बताया गया है कि ग्राम पलमा का 21 वर्षीय भोला प्रसाद पैकरा अपने दो साथियो रोहित बरगद व भरत के साथ सोमवार की देर शाम अपनी बाईक से दवा लेने जरही जाने के लिए निकला था। वह गांव से कुछ दूर स्थित पोड़ी कपसरा मार्ग पर पहुंचा था कि पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाईक को ठोकर मार दिया। जिससे बाईक सवार भोला सहित रोहित व भरत सड़क पर गिर गए। आहतों को 108 वाहन की मदद से भैयाथान अस्पताल लाया गया। जहां परीक्षण उपरांत चिकित्सक ने भोला को मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में गम्भीर रोहित को प्राथमिक उपचार पश्चात यहां जिला अस्पताल रिफर कर दिया। तीसरे युवक भरत को मामूली चोटें आई थी जिसे उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। सड़क हादसे में मृत भोला पिता किशुन पैकरा घर का इकलौता चिराग था। सड़क हादसे में उसके असामयिक निधन पर परिजन सदमे में है। मंगलवार को गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

### जंगल विभाग में जंगल राज

# भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे वन विभाग के कैम्पा मद में भारी भर्राशाही

### जिला पंचायत में प्रस्ताव पारित, जांच कमेटी गठित



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के रामानुजनगर प्रेमनगर रेंज के एक अफसरान को देखिए वे पिछले पांच साल से एक ही जगह पर पदस्थ है।तमाम शिकायतों के बाद भी उनका खूंटा इतना मजबूत है कि कोई उनको हिला नही सकता।इसी खूंटे की मजबूती के चलते रेंज में मनमानी की हद तक मनमानी चल रही है।सरकारी पैसो का खुलेआम बन्दबाँट हो रहा है, जंगलो की कटाई हो रही है हालत यह है कि जंगल सिमटते जा रहे है।निर्माण कार्यो में कोई मापदण्ड का ख्याल नही रखा जा रहा है।पर जब सैंया भये कोतवाल तो डर काहे क्या.....जैसी स्थिति हो तो फिर करिये मनमानी...? इसी वजह से आज जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक में सदस्य भड़क गए और कैम्पा मद में किये गए भ्र्ष्टाचार पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जांच दल गठित कर दिया है।बताया गया है कि रामानुजनगर, प्रेमनगर रेंज के विभिन्न वन खंडो मे अत्यधिक मात्रा मे पुटुस होने का हवाला देते हुए इसके साफ सफाई की स्वीकृति वन विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा कैम्पा मद से लगभग दो करोड़ से ज्यादा राशि की स्वीकृति वर्ष 2022-23 मे किया गया था। कुछ ही वन कंपार्टमेण्ट मे लेंगटना अथवा झुरंठी या पुटुस के नाममात्र की सफाई किया गया है। कहीं कहीं पर नाममात्र का पचास मीटर सौ मीटर की परिधि को ही साफ किया गया है जबकि यह पुटुस पुरे वन क्षेत्र के समूचे जंगलो मे फैला हुआ है,शासन ने इनके सफाई हेतु स्वीकृति इस लिए किया था की पुटुस की सफाई के बाद जंगलो मे रोपित पौधे एवम् वनोपज अच्छे होंगे इनका ग्रोथ अच्छा होगा यह पुटुस झाडी पौधों को बढ़ने मे या इनके विकास मे बाधा उतपन्न करता है।अधिकारी उच्चाधिकारियों से साँठगाँठ कर मनमानी तरीके से पुटुस झाडी की नाममात्र सफ़ाई कार्य कर समूचे दो करोड़ की राशि का बंदर बाट करने का आरोप है।इसी तरह कैम्पा मद से स्वीकृत राशि ? 20.लाख से सी. सी. रोड का घटिया निर्माण का मामला सामने आया है।आरोप है उक्त सड़क अब गाड़ी तो छोड़िए पैदल चलने लायक़ भी नहीं बचा है।इन मसलो के संज्ञान में आने के बाद जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में चर्चा हुई और सदस्यों ने सिर्फ एक रेंज नही बल्कि जिले के समूचे रेंज में इसी तरह से सरकारी राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की।जिस पर पांच सदस्यीय जांच दल गठित किया गया है।जिसमे जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े,वन समिति की सदस्य मंजू मिंज, सीएमजीएसवाई के कार्यपालन अभियंता,आरआई श्याम सुंदर तिवारी ,तकनीकी सहायक संजय शाहा सहित क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य शामिल किए गए है।

**सरकारी संपत्ति आपकी अपनी है...!**

समूचे जिले में मनमानी का आलम यह भी है अफसर से लेकर कर्मचारी तक सरकारी संपत्ति को अपनी जागीर समझने लगे है। सूरजपुर जिला मुख्यालय के एक अफसरान है जो सरकारी गाड़ी में हफ्ते दर हफ्ते 200 किमी दूर बिलासपुर के तफरीह में चले जाते है। बिलासपुर उनका घर है तो अफसरों का वरदहस्त भी है लिहाजा वे सरकारी गाड़ी में मौज मस्ती करते मुख्यालय छोड़ घर निकल लेते है।अब कौन इनको बोलने वाला..?यही नही जिला मुख्यालय में करोड़ो की वन भूमि पर लोग कब्जा पर कब्जा किये जा रहे कोई देखने को तैयार नही है।कब्रिस्तान रोड,वन मण्डल के आजु बाजू तो लम्बे समय से कब्जा है पर नया कब्जा काजू बाड़ी की जमीन पर एक धार्मिक संस्था द्वारा झंडा मुंडा गाड़ कर कब्जियाने की कोशिश की है। अफसरों को तफरीह व जेब भरने से फुर्सत हो तो कुछ जिसके लिए नोकरी कर रहे उस पर ध्यान दें...?

**नही मिल सका पक्ष ...**

इस सम्बंध में रेंज अफसर का पक्ष लेने के लिए उनके मोबाइल पर कई बार काल किया गया परन्तु कवरेज क्षेत्र के बाहर होने के कारण उनका पक्ष नही मिल सका है।

# प्रेमनगर पुलिस पर युवक ने लगाया मारपीट का आरोप

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले की प्रेमनगर पुलिस पर युवक के साथ मारपीट व गाली गलौच का आरोप लगाते हुए उक्ताशय की शिकायत क्षेत्रीय विधायक

### विधायक से शिकायत

भूलन सिंह से की गई है। आरोप है कि ग्राम पंचायत तारकेश्वरपुर के खालपारा निवासी अनुक सिंह के साथ प्रेमनगर थाना के ज्योतिष पटेल, सरफराज अहमद, हरिश्चंद्र दास ने उस वक्त मारपीट व गाली गलौच किया है जब अनुक घुटरापारा मोहल्ला में धान मिसाइई करवा कर अपने धान पिकअप से घर ला रहा था। इस दौरान स्कॉर्पियो से प्रेमनगर पुलिस थाना के तीनो जवान घुटरापारा पुलिया के



पास उन्हें रोक कर उनके द्वारा किसी इंद्रजीत के भाई को पूछा गया और गाड़ी मालिक से बात करवाने की बात कही गई। जिसके बाद फोन के माध्यम से अनुक सिंह द्वारा गाड़ी वाले से बात करवाने लगा इसी बीच उनके द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट किया गया। जिसकी शिकायत पुलिस चौकी उमेश्वरपुर सलका में किया गया है,और इस विषय पर आवेदन क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी को भी दिया गया। विधायक ने एसपी को जांच उपरांत दोषियों पर कार्यवाही करने के लिए लिखा गया है।

# जिले के धान खरीदी केन्द्रों में मिल रही सुविधाओं से किसानों में राहत

### मेहनत की उपज बेचने केंद्र में आए कृषक घनश्याम व अशोक ने व्यक्त की प्रसन्नता

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के खरीदी केंद्रों में किसानों के धान की खरीदी कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर



एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में पंजीकृत किसानों से जिले के 54 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की जा रही है। सभी उपार्जन केंद्रों में समिति में द्वारा किसानों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं जिससे जिले के किसान प्रसन्न है। गौरतलब है कि किसानों के उपज का वास्तविक मूल्य देने के लिए राज्य शासन द्वारा 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने और खरीदी केन्द्र में किसानों को मिल रही सुविधाओं से किसानो में राहत है। किसानों से समर्थन मूल्य में खरीदी कर शासन उन्हें आर्थिक रूप से संबल बना रहा है। जिले के भैयाथान उपार्जन केंद्र में आए किसान घनश्याम सिंह ने बताया कि वे 80 क्विंटल धान लेकर आए हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 3100 क्विंटल की दर से धान खरीदी करने पर प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने इसे शासन की बेहतर योजना बताया। जिससे सभी किसानों को अच्छा लाभ मिल रहा है। इसके अलावा इस धान उपार्जन केंद्र में धान बेचने आए अशोक बताते हैं कि धान उपार्जन केंद्र में उनके पिता के साथ 18 क्विंटल धान लेकर आए हैं। उन्होंने धान उपार्जन केंद्र में समिति द्वारा धान खरीदी को लेकर उपलब्ध सुविधाओं को बेहतर बताया।

## पांच सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षक संघर्ष मोर्चा सत्याग्रह पदयात्रा में शामिल हुए जिले के शिक्षक



**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** शिक्षक संघर्ष मोर्चा अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश में विभिन्न प्रकार के आंदोलनों के माध्यम से ध्यान आकृष्ट करा रहा है।

शिक्षक संघर्ष मोर्चा वेतन विसंगति दूर करने, पूर्व सेवा गणना करने, पदोन्नति प्रदान करने, उच्चन्यालय के निर्देशानुसार सभी को क्रमोन्नति, केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता प्रदान करने की मांगो को लेकर जिला ब्लॉक स्तर पर धरना प्रदर्शन रैली एवं प्रदेश स्तर पर भी कार्यक्रम कर शासन का ध्यान आकृष्ट कराने का प्रयास किया है। इसी कड़ी में जिले के शिक्षक जिला संचालक भूपेश सिंह के नेतृत्व में रायपुर संचनालय से मंत्रालय तक पद यात्रा में शामिल होकर वरिष्ठ अधिकारियों को अपनी पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा है। जिला संचालक भूपेश सिंह ने बताया कि एलबी संवर्ग के शिक्षक अपनी मांगो को विभिन्न प्रकार से मुख्यमंत्री सहित उच्च अधिकारियों को अवगत करा रहे हैं शासन प्रशासन को ध्यान देकर जल्द मांगो पर सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। रायपुर के सत्याग्रह पद यात्रा में जिला से भूपेश सिंह, पीताम्बर सिंह मरावी, अनिल चक्रधारी, खेल साय सिंह, ज्वाला कुर्रे, रमेश जायसवाल, राजा राम साहू, लक्षन राम राजवाड़े, महेंद्र राजवाड़े, दीपक झा, चंद्र विजय सिंह, बिजेंद्र साहू, नागेंद्र सिंह, चंद्रदेव चक्रधारी, जितेंद्र सिंह, बिनोद केराम, रामबरन सिंह इत्यादि उपस्थित रहें।

## संदेहास्पद स्थिति में मृत मिला मानी स्थित गौशाला का कर्मचारी

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** ग्राम मानी स्थित राधाकृष्ण गौशाला में रहकर गौ शाला की देखरेख व गौ सेवा करने वाले एक वृद्ध की संदेहास्पद स्थित में मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में किया है। बताया गया है कि 70 वर्षीय मृतक प्रेमचंद दास मानी स्थित राधा कृष्ण गौशाला में रहकर गौ सेवा व गौशाला की देखरेख करता था। बीती रात वह खाना- खाकर अपने कमरा में सोया था। सुबह काफी देर तक जब वह नहीं उठा तो गौशाला में ही काम करने वाला नोहर साय उसके कमरे में गया। जहां प्रेमदास मृत अवस्था मे पड़ा था। जिसके नाक से खून बहा हुआ था। उस बात की जानकारी अन्य लोगों को देते हुए पुलिस को भी मामले की सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मौके पर पहुंचकर पंचनामा पश्चात शव को पीएम कराया गया और शव परिजनों को सौप दिया।

# कोल्हुआ में वॉटर संस्था द्वारा पशुपालन प्रबंधन विषय पर किया एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** मंगलवार को ग्राम कोल्हुआ में पशुपालन प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के करीब 16 गाँवों के बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। इस कार्यक्रम का आयोजन वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में किया गया। उक्त प्रशिक्षण डॉ के. एम. यादव के द्वारा किसानो को दिया गया। डॉ. यादव ने बताया की कृषि के साथ साथ अच्छी आमदनी के लिए पशुपालन ही एक ऐसा विकल्प है जिससे किसानो की आय में वृद्धि हो सकती है। पशुपालन तथा कृषि तो मानव के सभ्यता युग से चलते आ रहे है, ये दोनों प्रणाली एक दूसरे के पूरक है। बिना खेती के पशुपालन और बिना पशुपालन के खेती भी संभव नहीं है। डॉ यादव ने बताया की पशुपालन किसान साथियों की सब से बड़ी




उपलब्धि है और कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए पशुपालन निहायत ही जरुरी है, उन्होंने ने आगे बताया की पशुओ में होने वाली मौसमी बीमारियों की पहचान तथा उपचार प्राथमिक स्तर पर घर पर ही कर सकते है तथा ज्यादा जटिल होने पर डाक्टरों से संपर्क करें। ज्यादातर पशुओ में होने वाली बीमारी जैसे खुर पक्का, मुँह पक्का , गलघोटू, पतला दस्त इत्यादि की रोकथाम के लिए उन्हें समय समय पर टीके तथा दवाईयां देते रहे, साथ ही साथ कृमि की दवा भी बराबर देते रहे तभी हम पशुओ को मौसमी बीमारियों से बचा सकते है। दूधारु पशुओ को पौष्टीक तथा संतुलित आहार एवं हरा चारा देने पर विशेष जोर दिया। डॉ यादव ने कृत्रिम गर्भधान विषय पर भी किसानों को विस्तार से बताया एवं उनमे इसके प्रति जागरूकता के लिए पहल करने को भी कहा।प्रशिक्षण से किसानो ने बहुत कुछ सीखा और आयोजक संस्था से समय समय पर इस तरह का उस तरह जा प्रशिक्षण देने आग्रह किया, ताकि किसानो को पशुपालन और कृषि सम्बन्धी जानकारी मिलता रहे। इस कार्यक्रम मे संस्था के विनोद, राबेन्द्र गुप्ता, शिवानंद एवं सतीश पाण्डेय उपस्थित थे।

## नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन हेतु नोडल एवं सहायक नियुक्त

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन संपन्न कराये जाने हेतु शिकायत सेल श्रीमती चांदनी कवंर व कंट्रोल रूम के लिए श्रीमती बेनेदिक्ता तिर्की को नोडल अधिकारी तथा सहायक कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है।


सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए ''केंद्रित'' "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालय , धंजल कोम्प्लेक्स, रिंग रोड, नमनाकला, अंबिकापुर, छ. ग. (497001)

RO/RD/2024-25/ 141 Date : 26/11/2024

::सीमित निविदा सूचना ::

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण,संस्थान, सूरगूजा मे वर्ष 2024-2025 मे प्रशिक्षण में प्रतिभागी हेतु भोजन की व्यवस्था हेतु सीमित निविदा आमंत्रित की जाती है। इस कार्य मे इच्छुक भोजन आपूर्तिकर्ता जिनके पास फूड आपूर्ति का लाइसेंस , जी . एस. टी. न. तथा बैंक खाता हो वह दिनांक 07/12/2024 दोपहर 12 बजे तक बंद लिफाफे मे निर्धारित प्रपत्र मे अपनी निविदा इस कार्यालय मे जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदायें उसी दिन दोपहर 1 बजे उपस्थित निविदाताओ यदि कोइ हो तो उनके समक्ष केंद्र पर निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। इस कार्य कि अनुमानित कीमत अधिकतम रु 145 प्रति व्यक्ति प्रति दिन होगी। इस वर्ष 2024-2025 में लगभग 20 प्रशिक्षण होना प्रस्तावित है। निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा एवम् चयन समिति का निर्णय अंतिम एवम सर्वमान्य होगा। इस निविदा कि सूचना कार्यालय के सूचना पट्ट पर उपलब्ध होगा।

| क्र. स. | समान / कार्य | दर | Gst % | Gst रु | कुल दर |
|---|---|---|---|---|---|
| १. | | | | | |

सर्ते :1.खाना बनाने मे उच्च कोटि का खाद्य सामग्री , सुद्ध आटा , ताजा सब्जी , उच्च कोटि का खाद्य तेल का होना आवश्यक है। 2.खाना खिलाने क़े लिये पत्तल , दोना , गिलास, बिछाने कि दरी पट्टी , पीने का पानी इत्यादि कि व्यवस्था भोजन आपूर्तिकर्ता को करनी होगी। 3.यह दरें वर्ष 2024 – 2025 के लिये मान्य होगी। 4.भोजन आपूर्तिकर्ता को पैन कार्ड, फूड लाइसेंस, जी एस टी न., बैंक पासबुक की छाया प्रति निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। 5.भुगतान बिल पारित करने के पश्चात कोष कार्यालय से पारित होने पर कर दिया जायेगा। नियमानुसार टी डी एस काटा जायेगा। पार्टी द्वारा ठेका बीच में छोड़ने पर जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी।6.सफल निविदाता को जमानत राशि रु 50000 ( पचास हजार रु मात्र ) नकद /डी डी से जमा करवानी होगी। 7.भोजन मे किसी प्रकार की शिकायत व फूड पॉइजनिंग कि स्थिति में समस्त जिम्मेवारी भोजन आपूर्तिकर्ता की होगी। 8.क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा समय समय पर खाद्य पदार्थों कि गुणवत्ता कि जाँच कर सकेंगे एवम् आपकी निविदा किसी भी वक्त रद्ध की जा सकती है। 9.किसी भी प्रकार की जोखिम और दुर्घटना के लिये क्षेत्रीय कार्यालय जिम्मेवार नहीं होगा। इस सम्बंध में अन्य जानकारी, पात्रता आवेदन पत्र हेतु आप क्षेत्रीय कार्यालय, अंबिकापुर में सम्पर्क कर सकते हैं। पूर्णता भरे हुए आवेदन हमारे क्षेत्रीय कार्यालय, अंबिकापुर के पते पर भेजने कि अंतिम तिथि 07/12/2024 है।

प्राधिकृत अधिकारी
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया



कार्यालय नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़,
जिलाः मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर ( छ.ग. )

क्र. / 1949 / लो.नि.वि. / न.पा. / 2024-25

मनेन्द्रगढ़, दिनांक 26.11.2024

मैनुअल पद्धति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नलिखित कार्य हेतु मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय – 17/12/2024 अपरान्ह 3:00 बजे तक
2. निविदा खोलने की तिथि – 17/12/2024 सायं 4:00 बजे से

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | ठेकेदार श्रेणी | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वार्ड क्रमांक 21 में हनुमान टेकरी के सामने अटल परिसर निर्माण कार्य। (सिविल कार्य) (निविदा प्रपत्र-A) | 17.01 | 12760/- | 750/- | सक्षम श्रेणी | 02 माह |
| 2 | वार्ड क्रमांक 21 में हनुमान टेकरी के सामने अटल परिसर में भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का मूर्ति स्थापना कार्य। (Non SOR) (निविदा प्रपत्र-B) | 13.00 | 13000/- | 750/- | सक्षम श्रेणी | 01 माह |

- निविदा से संबंधित कार्यो की विस्तृत जानकारी एवं नियम व शर्तें कार्यालयीन समय पर कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है। अथवा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के विभागीय वेबसाईट https//uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़
जिलाः मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर ( छ.ग. )



न्यायालय नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ.ग.)

रा०प्र०क्र० / अ-6-अ / 2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजेश मिश्रा आ० कैलाश मिश्रा, निवासी भट्टी रोड अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा छ०ग० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के अंतर्गत आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा०) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वामित्व की ग्राम सरगवां स्थित भूमि खसरा नंबर 799 रकबा 0.450 हे0 के नक्शा में त्रुटि हो गया है। आवेदक द्वारा उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 20/12/2024 को न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2



न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) उदयपुर
जिला सरगुजा

रा०प्र०क्र० / अ-02 / 2020-2021

ईश्तहार

आवेदक गोपाल अग्रवाल पिता हरिराम अग्रवाल, निवासी सेठ बसंतलाल मार्ग, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर के द्वारा उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम सिंगीटाना, तहसील लखनपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 154/2, 256/3, 162/2 रकबा क्रमशः 0.089, 0.239, 0.081 हेक्टेयर के औद्योगिक प्रयोजन में व्यपवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त व्यपवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावाध्आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से दावा/आपति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनाक 26.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
उदयपुर, सरगुजा

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरुद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 9713108088
8719000259

# कोरिया फ्रंटलाइन

# मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से आशा को मिला नया जीवन

## सिकलसेल से जूझ रही आशा को बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए मिली 20 लाख की आर्थिक सहायता

■ पिता का साया हटने पर अभिभावक बना छत्तीसगढ़ शासन

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** लोगों के जीवन में जब कहीं राह नजर नहीं आती तब आशा की एक छोटी सी किरण भी पूरे जीवन को प्रकाशवान कर जाती है। ऐसी ही कहानी है कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत रेमते में रहने वाली 15 साल की आशा चक्रेश की। जहां सिकलसेल से पीड़ित आशा के जीवन में कई उतार चढ़ाव आये पर कहीं भी उम्मीद की किरण दिखाई नहीं दे रही थी। वहां मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना नई उम्मीद बन कर आई।



आशा को जन्म से ही सिकलीन होने की जानकारी जब मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले माता पिता की लिए यह बात किसी सदमे से कम नहीं थी। चिकित्सकों ने बताया था कि आशा को हुआ सिकलसेल, सिकलसेल का वह प्रकार है जो 10 लाख लोगों में एक व्यक्ति को होने वाली बीमारी है। इस संबंध में आशा की माता बिमला बाई चक्रेश ने बताया कि आशा के पिता स्व. मंगलराम चक्रेश उसके स्वास्थ्य और इलाज के लिए हमेशा चिंतित रहा करते थे। आशा के ईलाज के लिए दंपत्ति ने अपनी छोटी सी बचत और आयुष्मान भारत योजना की सहायता से कई अस्पतालों का चक्कर लगाया। रायपुर से लेकर इंदौर, मुंबई सभी जगह आशा की जांच कराने के बाद भी निराशा ही हांथ लगी थी। बचपन से हर महीने आशा को खून चढ़ाने अस्पताल का चक्कर लगाना ही पड़ता था। आशा के पिता ने आशा को लेकर 25 से 26 बार अस्पताल का चक्कर लगाया करते थे जिसका खर्च भी वहन करना पड़ता था।

ऐसे में एक दिन एक दुखद दुर्घटना में पिता मंगलराम का भी निधन हो गया। ऐसे में चारों बच्चों की जिम्मेदारी अकेले मुझ पर आ गयी थी। इन हालात में हमें आशा का आगे का इलाज असंभव लगने लगा था। एक दिन जिला प्रशासन द्वारा मेडिकल कैम्प आयोजित किया गया था जहां जांच उपरांत चिकित्सकों ने बोन मैरो ट्रांसप्लांट कराने की सलाह दी गयी। हमारे लिए इसका खर्च उठा पाना संभव नहीं था तब जिला प्रशासन से जांच हेतु 01 लाख रुपये की सहायता उपलब्ध कराई, जिससे रायपुर जाकर जांच संभव हो सका। परन्तु महंगे ईलाज की समस्या अभी भी बनी हुई थी।

जिस पर चिकित्सकों ने उन्हें मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना की जानकारी दी। जहां से स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवेदन मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के कार्यालय भेजा गया। जहां से त्वरित कार्यवाही करते हुए मुख्यमंत्री ने इसे स्वीकृति प्रदान करते हुए ईलाज के लिए 20 लाख रुपये प्रदान किया गया। जिसके बाद रायपुर के एक प्रतिष्ठित अस्पताल में बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए दाता की पहचान की गई। जिसमें दाता का सैम्पल मैच होने पर आशा का बोन मैरो ट्रांसप्लांट का ऑपरेशन किया गया। जिसके बाद आशा को नया जीवन प्राप्त हुआ। इस नए जीवन के लिए आशा और उनकी माता ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया और कहा कि यदि मुख्यमंत्री ना होते तो शायद आशा का जीवन बचा पाना उनके लिए संभव नहीं होता।

# खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता विकास पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** हरियाणा के सोनीपत जिले के कुंडली स्थित राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान और शासकीय राम भजन राय एन.ई.एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर के अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मूल्य संवर्धित खाद्य उत्पादों के उत्पादन और खाद्य क्षेत्र में उद्यमिता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रो. प्रसन्ना कुमार के मार्गदर्शन में निफ्टम के दस बी.टेक. छात्र विलेज अडॉप्शन प्रोग्राम के तहत जशपुर जिले के 9 दिवसीय दौरे पर हैं। टीम खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों के प्रसार, पैकेजिंग, लेबलिंग, खाद्य विनियमन और व्यवसाय विकास के माध्यम से खाद्य क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ावा दे रही है। कार्यशाला में विशेषज्ञ डॉ. प्रसन्ना कुमार ने छात्रों से राज्य की विभिन्न बागवानी और कृषि फसलों का उपयोग करके मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करने के तरीके को उन्नत करने, तैयारी में स्वच्छता और गुणवत्ता को लागू करने, आकर्षक लेबलिंग के साथ उचित पैकेजिंग करने और उत्पाद को अन्य खाद्य व्यवसायों या सीधे ग्राहकों को बेचने का आह्वान किया। समय के साथ, खाद्य उत्पादों के निर्माण, भंडारण, परिवहन या वितरण के लिए एफएसएसआईए प्रमाणीकरण लेना होगा। उन्होंने कहा, जशपुर में कुछ एफपीओ और एनजीओ ने मिलेट्स, महुआ, काजू आदि से मूल्यवर्धित उत्पादों के उत्पादन में स्वयं सहायता समूहों का समर्थन किया है। निफ्टम के पास खाद्य क्षेत्र में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने का अधिदेश है, और संस्थान खाद्य उद्यमी बनने के इच्छुक लोगों की तकनीकी मदद के लिए तैयार है। निफ्टम ने पहले जशपुर के स्व सहायता समूह को अपनी खाद्य प्रसंस्करण क्षमताओं का प्रदर्शन करने, सहयोग करने और प्रतिष्ठित सम्मेलनों और वर्ल्ड फूड इंडिया जैसे मेगा फूड इवेंट्स में खाद्य व्यवसायों से जुड़ने के लिए मंच प्रदान किया है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. उमा निर्मला लकड़ा ने अपने उदबोधन में खाद्य उद्यमिता आर्थिक विकास को बढ़ावा देती है और यह कार्यशाला महाविद्यालय के विधार्थियों के स्वरोजगार और कुशलता विकास में मील का पत्थर साबित होगा। अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अमरेन्द्र ने कार्यक्रम का आयोजन का उद्देश्य और महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए नयी शिक्षा नीति के अनुरूप मूल संवर्धन और रोजगार परक विभिन्न व्यवसाय मॉडल जैसे कि लघु-स्तरीय, सदस्यता सेवाएं, स्केलेबल स्टार्टअप और विस्तृत उद्यम, महत्वाकांक्षी उद्यमियों को अपना उद्यम शुरू करने के लिए कई विकल्प प्रदान करते हैं, जो कि सतत विकास के लक्ष्यों के पूरा करने, वित्तीय समावेशन तथा सहभागिता को साकार करने में सहायता प्रदान करेगी। कार्यशाला में स्नातकोत्तर छात्र छात्राएं उपस्थित रहें। कार्यक्रम में श्रीमती सरिता निकुंज,सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, कु.आयलिन एक्का, सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र एवं अतिथि विद्वान बोध प्रकाश राठौर अर्थशास्त्र शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभाग के अतिथि विद्वान श्री बोध प्रकाश राठौर ने किया।

# धान विक्रय कर तुरन्त पैसे खाते में आने ने किसानों के चेहरों पर छाई खुशी

**जशपुरनगर।** जिले में धान खरीदी प्रारम्भ होने के साथ ही किसानों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। उस पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने मोदी की गारंटी के वादे के अनुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल की खरीदी 31 सौ रुपये के दर से होने से यह उत्साह दुगुना हो गया है। जिले की सभी मंडियों में धान की आवक लगातार बढ़ रही है। कलेक्टर रोहित व्यास ने भी सभी उपार्जन केंद्रों में किसानों के लिए छायादार बैठने की जगह से लेकर टोकन व्यवस्था तक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे किसानों को केंद्रों में सभी सुविधाएं प्राप्त हो रहीं है। जिसका उत्साह कंसाबेल तहसील के ग्राम पंचायत चोंगरीबहार अंतर्गत आने वाले धान उपार्जन उपकेंद्र सबतमुंडा में देखने को मिला।



जहाँ के किसानों का उत्साह उनके चेहरों में देखने को मिल रहा है। यहां धान विक्रय करने आये रामप्रकाश भगत ने बताया कि वे अपना 50 क्विंटल धान बेचने केंद्र आये हैं खरीदी केंद्रों में धान लाने से पहले टोकन और बारदाना मिलना तक मुश्किल हो जाता था। इस बार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय पर ही टोकन की व्यवस्था हो करा दी गई है साथ ही समिति द्वारा बारदाना भी उचित समय पर दी गई है। जिससे किसानों को बहुत सहायता मिली है। किसानों ने कहा कि हम जब केंद्र आये सभी कर्मचारियों ने हमारा सहयोग किया और अब तो धान विक्रय के साथ ही एक घंटे में पैसा खाते में आ जा रहा है। जिससे मजदूरी, परिवहन सभी चीजों का पैसा हम लोगों को नगद दे पा रहे हैं। हथगड़ा के किसान जयराम भगत और धर्मदास मिंज ने बताया कि पहले जब धान बेचने आते थे तो कटे फटे बारदाने मिलते थे जिससे केंद्र तक धान लाना भी मुश्किल हो जाता था। इस बार ना सिर्फ अच्छे बारदाने मिले है बल्कि टोकन भी समय पर मिला और धान बेचने के तुरंत बाद पैसे भी खाते में आ गए हैं। तुरंत पैसे मिलने से अब किसी से उधार लेकर परिवहन और हमाली का पैसा नहीं देना पड़ेगा।

# गंसमर्थन मूल्य पर धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए समुचित व्यवस्थाएं

छ.ग.फ्रंटलाइन

**एमसीबी।** मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के तहत किसानों के लिए बेहतरीन सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। जिले के 25 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के लिए आधुनिक और सुविधाजनक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिनकी किसानों ने सराहना की है। धान खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए बैठने की सुविधा, स्वच्छ पेयजल, शौचालय जैसी मूलभूत आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखा गया है। इसके अतिरिक्त, पारदर्शिता और सुगमता के लिए सीसीटीवी कैमरा, बायोमेट्रिक मशीन, और इलेक्ट्रॉनिक तराजू की व्यवस्था की गई है। इन तकनीकी उपायों ने केवल प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया है, बल्कि किसानों का समय भी बचाया है। धान बिक्री के बाद किसानों को उनकी राशि 72 घंटे के भीतर उनके खातों में जमा की जा रही है, जिससे किसानों में उत्साह और विश्वास का माहौल है। अब तक जिले के 25 उपार्जन केंद्रों में 12,927.20 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है।





## अपर कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों ली बैठक

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन पर आज अपर कलेक्टर श्री प्रदीप कुमार साहू ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर सीमांकन, बटांकन, नामांतरण, अविवादित नामांतरण, डायवर्सन, खाता विभाजन, रिकार्ड दुरुस्तीकरण के कार्यो को गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं।

अपर कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को अपने-अपने न्यायालयीन प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दूर-दराज से लोग आते हैं तो उनके राजस्व अधिकारी उनके समस्याओं को प्राथमिकता से सूने और उन समस्याओं को त्वरित निराकरण करने की कार्यवाही करें। ताकि आमजनों को बेवजह परेशान होना न पेड़े। इस अवसर पर सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य राजस्व अधिकारी ऑनलाईन से जुड़े थे।

## नाबालिग छात्रा के साथ तीन शिक्षक व एक वनकर्मी ने किया गेंगरेप

### जनकपुर थाना क्षेत्र का मामला चारों आरोपी पुलिस गिरफ्त में

छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेन्द्रगढ़ ( एमसीबी )।** जिला मुख्यालय से लगभग 110 किलोमीटर दूर वनांचल क्षेत्र जनकपुर में शिक्षा जगत को शर्मसार व कलंकित करने का एक मामला प्रकाश में आया है जहां पर एक स्कूल के एक प्रिंसिपल, दो शिक्षक व एक वनकर्मी ने मिलकर एक नाबालिक छात्रा के साथ गेंगरेप की वारदात को अंजाम देकर सनसनी फैला दी है। पीड़िता छात्रा की रिपोर्ट पर जनकपुर थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चारों आरोपियों को पुलिस हिरासत में लेकर जांच कार्यवाही शुरू कर दी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वनांचल क्षेत्र जनकपुर के एक शासकीय स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा को एक हाई स्कूल के प्रिंसिपल अशोक कुमार, शिक्षक कुशल सिंह परिहार, रावेन्द्र कुशवाहा ने वनकर्मी बनवारी लाल के साथ मिलकर जनकपुर के एक किराए के कमरे में नाबालिक छात्रा को ले गए और सभी ने बारी बारी से नाबालिग को अपनी हवस का शिकार बनाकर गेंगरेप की वारदात को अंजाम दिया है। जब पीड़िता छात्रा ने अपने ऊपर घटित घटना की जानकारी लोगों को देने की बात कही तो आरोपियों ने उसका वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी साथ-साथ यह भी कहा कि अगर इस बात की जानकारी किसी को देगी तो उसे जान से मार देंगे। डरी सहमी पीड़िता छात्रा कुछ दिनों तक चुप रही फिर पीड़िता छात्रा अपने साथ घटित घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। छात्रा की आपबीती सुनकर परिजनों के पैरोंतले से जमीन खिसक गई वे सन्न रह गए। परिजन नाबालिक छात्रा को लेकर जनकपुर थाना पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी वहां मौजूद पुलिस के अधिकारियों को दी। पुलिस मामले को गंभीरता लेते हुए उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत कराया और तीनों शिक्षकों समेत वनकर्मी को पुलिस ने तत्काल हिरासत में ले लिया । तीन शिक्षकों ने ऐसा कारनामा कर डाला है कि गुरु की गरिमा ही तार-तार हो गई है। जनकपुर पुलिस तीनों शिक्षकों अशोक कुशवाहा, रावेन्द्र कुशवाहा, कुशल सिंह परिहार व वनकर्मी बनवारी लाल को पुलिस हिरासत में लेकर जांच कार्यवाही कर रही है।



# नाबालिग छात्रा के साथ तीन शिक्षक व एक वनकर्मी ने किया गेंगरेप

## जनकपुर थाना क्षेत्र का मामला, चारों आरोपियों पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

छ.ग.फ्रंटलाइन


**मनेन्द्रगढ़ ( एमसीबी )।** जिला मुख्यालय से लगभग 110 किलोमीटर दूर वनांचल क्षेत्र जनकपुर में शिक्षा जगत को शर्मसार व कलंकित करने का एक मामला प्रकाश में आया है जहां पर एक स्कूल के एक प्रिंसिपल, दो शिक्षक व एक वनकर्मी ने मिलकर एक नाबालिक छात्रा के साथ गेंगरेप की वारदात को अंजाम देकर सनसनी फैला दी है । जब पीड़िता छात्रा ने अपने ऊपर घटित घटना की जानकारी लोगों को देने की बात कही तो आरोपियों ने उसका वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी साथ-साथ यह भी कहा कि अगर इस बात की जानकारी किसी को देगी तो उसे जान से मार देंगे । डरी सहमी पीड़िता छात्रा कुछ दिनों तक चुप रही फिर पीड़िता छात्रा अपने साथ घटित घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। छात्रा की आपबीती सुनकर परिजनों के पैरोंतले से जमीन खिसक गई वे सन्न रह गए। रिपोर्ट पर जनकपुर पुलिस आरोपियों के खिलाफ मामला कायम कर जांच कार्यवाही शुरू कर दी है। जनकपुर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट

दर्ज कराई कि इसकी नाबालिग लड़की किराये के रुम में रहकर पढाई करती थी। शिक्षकों ने पढाई में सहयोग करने की बात कहकर









15 नवम्बर 2024 को दोपहर 12 बजे शिक्षक रावेन्द्र कुशवाहा अपने कार में बैठाकर कुशल सिंह परिहार के स्थित घर ले गये। इस दौरान कुशल सिंह परिहार के घर में उनकी पत्नी नही थी। घर मे कुशल सिंह परिहार और अशोक कुशवाहा मौजूद थे। उन्होंने दरवाजा को अंदर से बंद कर दिया और रावेन्द्र कुशवाहा, कुशल सिंह परिहार, अशोक कुशवाहा के बेड रूम में ले जाकर जबरन गलत काम (बलात्कार) किया। एक सप्ताह बाद 22 नवम्बर 2024 की शाम करीब 5 बजे पीड़िता जब दुकान में सामान लेने जा रही थी तब कुशल सिंह परिहार

बस स्टेण्ड के पास मिला और अपने मोटर साइकिल में बैठाकर फारेस्ट वाले के किराये के रुम में लेकर गये। इस दौरान भी कुशल सिंह परिहार, अशोक कुशवाहा, रावेन्द्र कुशवाहा के द्वारा बारी-बारी से बलात्कार किया गया है। पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 228/2024 धारा- 70 (2), 49, 351, (2), बीएनएस एंव 6, 17 पाक्सो एक्ट अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह को दी गई जिसके बाद उनके निर्देश पर विवेचना के दौरान पीडिता और पीडिता के परिजनों के साथ थाना में महिला प्रधान आरक्षक प्रियंका पाण्डेय से बयान कराया गया। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि 15 नवम्बर 2024 को

कुशल सिंह परिहार, अशोक कुशवाहा, रावेन्द्र कुशवाहा के द्वारा बलात्कार किया गया और 22 नवम्बर 2024 की शाम पीडिता को फारेस्ट स्टाफ के रूम में ले जाकर कुशल सिंह परिहार, अशोक सिंह के द्वारा बारी-बारी से बलात्कार किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह के निर्देश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वाडेगांवकर, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अलेक्सियुस टोप्पो के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी जनकपुर निरीक्षक दीपेश सैनी और पुलिस टीम ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना जुर्म करना स्वीकार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त वाहन मोटरसाइकिल और नेक्शा का ऐक्सल 06 को गवाहों के समक्ष जप्त कर लिया गया है। आरोपी कुशल सिंह परिहार, अशोक कुशवाहा, रावेन्द्र कुशवाहा तथा बनवारी को गिरफ्तार कर उनके परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है। मामले की संम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेश सैनी, सउनि धनजय पाठक, महिला प्रधान आरक्षक प्रियंका पाण्डेय, प्रधान आरक्षक संतोष साहू, जय कुमार ठाकुर, संजय पाण्डेय, आरक्षक दीपक मिंज, मदन राजवाडे व अन्य थे।

# जिला पंचायत सीईओ ने लंबित प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा के भीतर करने के दिए निर्देश

**जशपुरनगर।** साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री के घोषणा, पेंशन के प्रकरण, कलेक्टर जनदर्शन और समय-सीमा के लंबित प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश दिए और सभी अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित लंबित आवेदनों को स्वयं समीक्षा करने के लिए कहा है। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि भारत सरकार के अंतर्गत् संचालित महत्वपूर्ण योजना पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों को लाभ दिया जाना है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत् लगभग 417 गांवों को शामिल किया गया है। योजना के तहत लोगों को लाभ दिया जाना है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री साहू ने पुराने और कंडम शासकीय वाहनों की शासकीय नीलामी के प्रक्रिया के बारे में बताया और संबंधित विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय में आवंटित शासकीय वाहनों के नीलामी के प्राक्रिया करवाने के निर्देश दिए हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा